2. मोटाया तैसम को ब्रेन मलेरिया हो गया था और वह बहुत कमजोर हो गया और उसकी हालत बहुत गंभीर हो गई। उसके परिवार वालों ने उसे इलाज के लिए रायरंगपुर अस्पताल ले गए, परन्तु उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। कुछ लोग तांत्रिक को बुलाकर पूजा–अर्चना करवाना चाहते थे। परन्तु सभी विश्वसीगण इकट्ठा हुए और एक स्वर में उसके लिए प्रार्थना की। परमेश्वर ने उनकी प्रार्थना सुनी और उसे पूरी तरह से चंगाई प्रदान की।

चर्च की गतिविधियाँ और जानकारी

Mr. Sabon Ga garai

निम्नलिखित मिशनरियों ने वर्षों तक चर्च में सेवा की: श्री समारेंद्र सिंह, श्री अशोक नायक, श्री विनोद कुमार, श्री गणेश, श्री पवन और श्री हरमोहन प्रभुदास नायक। कलीसिया नियमित रूप से संडे स्कूल का आयोजन करता है और लगभग 10 बच्चे इसमें भाग लेते हैं। संडे स्कूल के शिक्षक पांडु तैसम नायक और नवू तैसम हैं। मासिक दान लगभग 500 रुपये एकत्र होता है। कलीसिया को सभी प्रकार के दान प्राप्त होते हैं जैसे प्रथम फल का चढ़ावा, चर्च का चढ़ावा, धन्यवाद का चढ़ावा, चंदा, दशमांश और चावल का चढ़ावा। कलीसिया के प्राचीन, श्री सबोन गगराई और विश्वासी आउटरीच सेवकाई में जाते हैं। जबकि कुछ विश्वासी अपने रिश्तेदारों को मसीह का प्रचार करते हैं। इस प्रकार, समुदाय में सुसमाचार का प्रसार हो रहा है। चर्च में हर तीन महीने में एक बार पवित्र प्रभु भोज की आराधना आयोजित की जाती है। पवित्र प्रभुभोज में 20 से 25 लोग भाग लेते हैं। रविवार की सेवा में 20 से 30 लोग शामिल होते हैं, जिसका नेतृत्व कलीसिया का प्राचीन श्री सबोन गगराई करते हैं। चौराडीह मण्डली में 12 परिवार के 57 सदस्य हैं। हालाँकि, एक परिवार शराब की लत के कारण पाप में डूब गया है।

कलीसिया इस मण्डली के विश्वासियों के लाभ के लिए रात्रिकालीन सभाएँ, फिल्म स्क्रीनिंग, वीबीएस कार्यक्रम, विश्वासियों का प्रशिक्षण, खोजियों का शिविर, विश्वासियों का शिविर, क्रिसमस कार्यक्रम और वयस्क साक्षरता कार्यक्रम जैसे अन्य कार्यक्रम भी आयोजित करती है।

प्रार्थना बिंदु

➢ चर्च में आने वाले सभी विश्वासियों के लिए प्रार्थना करें कि वे मसीह में और अधिक दृढ़ हो जाएँ।

➢ उन विश्वासियों के लिए प्रार्थना करें जो नशे की लत के कारण पीछे हट गए हैं।

➢ प्रार्थना करें कि चर्च की विभिन्न गतिविधियाँ बिना किसी बाधा के संपन्न हों और लोगों के लिए आशीर्वाद का कारण बनें।

➢ प्रार्थना करें कि गाँव के अधिक से अधिक लोग पश्चाताप करें और मसीह को स्वीकार करके कलीसिया में शामिल हों।

➢ साक्षरता दर में सुधार के लिए प्रार्थना करें ताकि अधिक से अधिक लोग बाईबल को पढ़ सकें और परमेश्वर का वचन को सीखने पाएँ।

1 अगस्त
शुक्रवार

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती मधुरा शांति राम्या राजू
श्री मंजया नायक जी., श्री राजा बी.
श्रीमती फ्लोरेंस दौजापाओ
श्रीमती जेबारानी एबेनेजर साम
श्री कृपा रक्षणा बर्रे

जम्मू

आर. एस. पुराः लुंजलाल सोंगथैट एवं मेरी नेंगनेइकिम

स्तुतिः 5 नए गाँवों में सुसमाचार का प्रचार किया गया और बहुत से लोगों ने सुसमाचार को सुना। बनोटी और चौकी गाँवों में सफलतापूर्वक आयोजित VBS के माध्यम से कई बच्चों को आशीर्वाद मिला और उनमें से 10 ने परमेश्वर के वचन और अपने माता–पिता की आज्ञा मानने के लिए स्वयं को ईमानदारी से समर्पित किया। 2 स्थानों पर खोजियों का शिविर आयोजित किए गए जिसमें 40 लोगों ने शिविर में भाग लिया। चौकी गाँव के दीपक नामक एक विश्वासी को आत्माओं को जीतने का प्रशिक्षण दिया गया ताकि वह अपने रिश्तेदारों को सुसमाचार का प्रचार सक्रिय रूप से कर सके। अकरचक की पूजा, जो किडनी निष्क्रियता से पीड़ित थी, परमेश्वर की कृपा से धीरे–धीरे ठीक हो रही है।

प्रार्थनाः पूजा, पिंकी और पूल भाई के लिए प्रार्थना करें जिन्होंने हाल ही में सार्वजनिक रूप से अपने विश्वास को स्वीकार किया है ताकि वे प्रभु में दृढ़ रहें, और मसीह की महिमा करते हुए एक आदर्श जी सकें। हमारे कलीसिया के प्राचीन – पूरचंद और कृष्णलाल, और जगदीश और राजिका के उन विश्वासी परिवारों के विश्वास में वापस आने के लिए प्रार्थना करें जो विश्वास से पीछे हट गए हैं और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि खो चुके हैं। कुलियान गाँव में चर्च के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि की व्यवस्था और विश्वासियों द्वारा चर्च के निर्माण में योगदान के लिए प्रार्थना करें। हमारे मिशनरी की पत्नी मरियम की सुरक्षित प्रसव के लिए प्रार्थना करें।

नारोटः सियांगलुंगथांग ज़ोऊ टी एवं ल्हिंगनेइहोई

स्तुतिः पाँच स्थानों पर आयोजित वी.बी.एस. कक्षाओं के माध्यम से 151 नए बच्चों ने मसीह के बारे में सीखा। पाँच गाँवों के लगभग 850 लोगों तक सुसमाचार पहुँचाया गया। परमेश्वर ने कई लोगों तक नया नियम पहुँचाने में हमारी मदद की। जिल्लू और जोनी परिवारों ने बाईबल पढ़ने और मसीह के शिष्य बनने में अपनी रुचि व्यक्त की है। स्थानीय प्रचारक विमला देवी को सुसमाचार प्रचार के लिए पड़ोसी गाँव जाते समय एक उफनती नदी पार करने के समय परमेश्वर ने उसको बचाया।

प्रार्थनाः नए विश्वासी जिल्लू को बीमारी से चंगाई मिले। प्रार्थना करें कि परमेश्वर सनम, कुजल, रंजू, सकील और तन्नू को आशीर्वाद दें जो नौकरी और विवाह के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। पैर के अल्सर के कारण लंबे समय से चलने में असमर्थ है सकील के लिए प्रार्थना करें कि वह शीघ्र स्वस्थ हो और उसके माध्यम से जो लोग उस पर निर्भर हैं, वे मसीह को जानें। प्रार्थना करें कि कथुआ जिले में रहने वाले एक विशाल महेसा जन समूह में सुसमाचार का प्रसार हो और वे मसीह को स्वीकार करें।

2 अगस्त
शनिवार

जन्मदिन मुबारक

श्री थांग खान काप पी.

श्रीमती कुमरे भारती भारुडे प्रताप

रामगढ़ः

जॉन एजुंग एवं लिबेनी जामी

स्तुतिः परमेश्वर ने हमें अफताल और राजपुरा गाँवों में सुसमाचार के व्यापक प्रचार और उसकी सकारात्मक प्रतिक्रिया का आशीर्वाद प्रदान किया। उन अनेक महिलाओं के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दे जिन्होंने आत्मा–विजयी सभाओं और छोटे प्रार्थना समूहों के संचालन के प्रशिक्षण में भाग लिया। रामगढ़ में एक लघु प्रार्थना समूह आरम्भ किया गया है। क्षेत्र में आयोजित वी. बी.एस. कार्यक्रम में 54 नए बच्चों ने भाग लिया और परमेश्वर के वचन को सीखा। वी. बी.एस. कार्यक्रम में मदद करने वाली पाँच महिलाओं के लिए परमेश्वर की स्तुति करें। आईए हम संजय के लिए परमेश्वर की स्तुति करें, जो बिजली का झटका लगने से गिर गया था, परन्तु परमेश्वर ने उसे बचा लिया। आईए हम उन लोगों के समूह के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें जिन्होंने 9 स्थानों पर आयोजित रात्रि सभाओं में सुसमाचार सुना।

प्रार्थनाः रंदावा कॉलोनी की नैन्सी के लिए प्रार्थना करें जो न केवल अपने विश्वास से विमुख हुई बल्कि अन्य धर्मावलंबियों को भी गुमराह करके मूर्तिपूजा की ओर प्रवृत्त किया है। आईए हम प्रार्थना करें कि रामगढ़ और शिवाजी नगर में नियोजित बाल कक्षाएं बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से चलती रहें। प्रार्थना करें कि विरोधी समूहों के साथ शांति बनी रहे। कोठी गाँव में विरोध के कारण रुकी हुई आराधना पुनः शुरू हो। आईए हम प्रार्थना करें कि प्रदर्शनकारियों को भी परमेश्वर की प्राप्ति हो।

हिमाचल

रामपुरः

दोऊजापाओ गुइटे एवं फ्लोरेंस

स्तुतिः गंगाराम को चमत्कारिक रूप से साँप के काटने से बचाया गया, जब एक साँप कपड़ों से भरे डिब्बे में घुस गया था। उसकी उपस्थिति से अनजान, उसने कुछ कपड़े निकालने के लिए डिब्बे में हाथ डाला, लेकिन उसे कोई नुकसान नहीं हुआ। लघु प्रार्थना समूह के अगुवों का प्रशिक्षण सफलापुर्वक आयोजित किया गया। प्रार्थना के माध्यम से साक्षी को पेट के कैंसर से चंगाई मिली। कई नए लोगों ने आराधना सेवा में भाग लिया और हमारे संपर्क में आए। कई गाँवों में सुसमाचार सभाएँ आयोजित की गईं।

प्रार्थनाः रीना को उसके अदालती मामले में सकारात्मक फैसला मिले। विद्या सागर को त्वचा की एलर्जी और मस्तिष्क की नसों की समस्या से छुटकारा मिले। हमारे स्थानीय प्रचारक कुंभा दास की बेटी मंजू को उस बीमारी से मुक्ति मिले जिससे वह जूझ रही है। सभी विश्वासियों से रविवार की प्रार्थना सभाओं और अन्य प्रार्थना सभाओं में नियमित रूप से उपस्थित होने के लिए प्रार्थना करें।

3 अगस्त
रविवार

करसोगः पवन कुमार एवं प्रभाशिनी देवी

स्तुतिः पाँच वर्षों से आँखों की समस्याओं से जूझ रही सुनीता को प्रार्थना के द्वारा चंगाई मिली। पापू, जो एक दुर्घटना का शिकार हुआ था और भयानक स्थिति में था, चमत्कारिक रूप से ठीक हो गया। कुसुम्बा का पति, जो पारिवारिक समस्या के कारण घर छोड़कर चला गया था, पश्चाताप करके घर वापस लौट आया। संजय और सुनीथ दंपत्ति, के लिए प्रभु को धन्यवाद दें जिन्होंने प्रभु की सेवा करने का संकल्प लिया है और सेवा कर रहे हैं।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि पापू और साम्बादेवी दंपत्ति को ऋण से मुक्ति मिले और वे शांतिपूर्वक जीवन जी सकें। मिशनरियों, लघु प्रार्थना दल के अगुवों और कलीसिया के प्राचीनों के लिए नियोजित सभी प्रशिक्षण बिना किसी बाधा के संपन्न हों।

पंजाब

बठिंडाः संजीब आनंद एवं प्रस्तुताबती पानी

स्तुतिः उन 45 बच्चों के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें जिन्होंने बाल सभा में भाग लिया। सीमा कौर और पॉलीजीत कौर ने स्वयं को पूर्णकालिक मिशनरी के रूप में समर्पित कर दिया है। जसप्रीत कौर को पेट की सिस्ट से और मनजीत कौर को लिवर की समस्या चंगाई मिली। टीपी सिंह के परिवार की समस्या प्रार्थना के माध्यम से हल हो गई है और अब वे शांति से रह रहे हैं।

प्रार्थनाः कोनियाना, सपके और तेलवाणी क्षेत्रों में हो रही सेवकाई की सफलता के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि परमेश्वर ऐसे समर्पित लोगों को भेजें जो सेवकाई में सहायता के लिए जिम्मेदारी उठाएँ। परमेश्वर आरती, सुस्मिता और साथकर को आशीर्वाद दें जो स्वेच्छा से सेवकाई में मदद कर रहे हैं। परमेश्वर पूजा को दुष्टात्माओं से और मौनी, कुलदीर और रतिर को शराब की लत से छुटकारा प्रदान करे। प्रार्थना करें कि परमेश्वर मिशनरियों द्वारा एक नया आराधना समूह शुरू करने के प्रयासों को आशीष दे और फलवंत करे।

परमेश्वर जो मुहैया करता है

मध्य प्रदेश के निवाली मिशन क्षेत्र में रहने वाले एक विश्वासी प्रकाश ने अपने बड़े भाई को गुजरात के बड़ौदा के एक अस्पताल में भर्ती कराया। 15 दिनों के इलाज के बाद, उनके सारे पैसे खत्म हो गए। डॉक्टर ने तीन दिन और इलाज की सलाह दी, परन्तु उनके पास सिर्फ 10 रुपये बचे थे और आस–पास कोई भी मदद के लिए नहीं था। दुखी होकर, वह बिस्तर के पास घुटनों के बल बैठकर प्रार्थना करने लगे। अगली सुबह, एक आदमी उनके पास आया, उन्हें 1600 रुपये दिए और कहा, "मुझे ये आपको देने की प्रेरणा मिली है।" प्रकाश के यह पूछने से पहले ही कि वह कौन है, वह आदमी जा चुका था। प्रकाश ने इस चमत्कारी व्यवस्था के लिए परमेश्वर की स्तुति की। हल्लेलुय्याह!

4 अगस्त
सोमवार

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती मंगैयारकरसी बेंजामिन
श्रीमती सुविला ज्ञानप्पु डैनियल

अहमदगढ़ मंडी:

कृपा रक्षणा एवं शकीना एस.

स्तुति: दो नए गाँवों के 250 लोगों ने सुसमाचार को सुना। चन्ना गाँव में आयोजित VBS कार्यक्रम में 80 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें 60 बच्चे गैर–मसीहियों के बच्चे थे। रोहिरा गाँव में पहली बार आयोजित VBS कार्यक्रम में लगभग 120 बच्चों ने भाग लिया। किरण और सरबजीत कौर को शैतानी बंधनों से छुटकारा मिली। 20 दिनों से दस्त और उल्टी से पीड़ित सरबजीत बहुत कमजोर हो गई थी, एक विश्वासी की प्रार्थना के द्वारा उसे चमत्कारिक रूप से चंगाई मिली।

प्रार्थना: राजकोट, मेथाबागरा, ढालेर और मिनी छापर में वीबीएस में भाग लेने वाले बच्चों के लिए कि वे हमारे प्रभु यीशु मसीह के विश्वास और ज्ञान में आगे बढ़ें। हमारे संपर्क में नए आयी शीमा को स्तन कैंसर से चंगाई मिले। प्रार्थना करें कि सिमरन के घर में ईश्वरीय शांति बनी रहे ताकि उनके सभी पारिवारिक मुद्दे सुलझ जाएँ। बीना और उसके तीन बच्चे मसीह को अपने निजी उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करें।

हरियाणा

जीवन नगर:

अलियाकिम जेना एवं दीपिका रेखा

स्तुति: सिरसा के सुख देव, जिनकी 72% किडनी खराब हो चुकी थी और जिन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था, और जिनके बचने की कोई उम्मीद नहीं थी, उनके लिए प्रार्थना करने पर परमेश्वर ने उन्हें चंगाई दी और अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। रमेश कुमार और मुमराज के परिवार उत्साहपूर्वक आराधना में भाग ले रहे हैं। दो स्थानों पर सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पाँच स्थानों पर अनुवर्ती सभा आयोजित की गईं और बाल की कक्षाएँ बिना किसी बाधा के संचालित की गईं।

प्रार्थना: इस क्षेत्र में कार्यरत मिशनरियों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि परमेश्वर आगामी फिल्म सेवा, रात्रि सभाओं और प्रार्थना समूहों को आशीष दे और उन्हें फलदायी बनाए। आराधना सेवाओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने वालों के लिए प्रार्थना करें कि वे साहसपूर्वक अपने विश्वास को स्वीकार करें। महिलाओं, आत्मा–विजयी और चर्च के प्राचीनों के लिए आयोजित प्रशिक्षणों के माध्यम से लोगों को सुसमाचार प्रचार में शामिल होने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके।

5 अगस्त
मंगलवार

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती ज्योत्सना देवी प्रशांत
श्रीमती मेश्राम कल्पना वलवी नेता जी

कलांवाली:

विजया कुमार आर. एवं जेबाला एस.

स्तुति: ओढ़ां, कलांवाली और टाडूरोड के बच्चों के लिए आयोजित बाइबल अध्ययन में भाग लेने वाले बच्चों और वयस्कों ने उत्सुकतापुर्वक` पवित्रशास्त्र का अध्ययन किया। परमेश्वर ने पिपली गाँव के संदीप के दो वर्षीय बच्चे की जान बचाई, जो सोया का बीज निगलने के कारण उसका दम घुट गया था। 9 गाँवों में रात्रिकालीन सभाएँ बिना किसी रुकावट के आयोजित की गईं।

प्रार्थना: असीर, साकेरियाँ और झालाना गाँवों में शुरू की गई बाल कक्षाएं नियमित और फलदायी हों और बच्चों को प्रभु में परिपक्व होने में मदद करें। एड्स से पीड़ित और नशे के आदी जशवीर को चंगाई और उद्धार मिले।

राजस्थान

श्री गंगानगर:

बिनोट सम्प्रामेरी एवं मिरिला सम्प्रामेरी

स्तुति: दो नए परिवारों के लोग कलीसियाई आराधना में आना शुरू किया है। एक नई रविवारीय आराधना सेवा शुरू की गई है। संदीप को दुष्टात्माओं के बन्धन से छुटकारा मिली। मीरा भाई अपने घुटनों के फ्रैक्चर से उबर रही हैं। प्रभु ने मिशनरियों को FMPB के साथ मिशनरी के रूप में 25 वर्ष पूरे करने में सक्षम बनाया, हालाँकि उनकी वर्तमान नियुक्ति राजस्थान में है जो उनके लिए बिल्कुल नया है।

प्रार्थना: प्रार्थना करें कि सुसमाचार के प्रति उत्पीड़न और विरोध के बीच हमें उसके वचन के प्रचार के लिए खुले द्वार मिलें। कुछ कलीसियाएँ पाकिस्तानी अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट स्थित हैं, जहाँ सुरक्षा व्यवस्था बनी रहती है। नवगठित मण्डलियों की संख्या और विश्वास में वृद्धि हो। प्रार्थना करें कि हम अपने वर्तमान क्षेत्र की भाषा और संस्कृति के अनुकूल स्वयं को ढलने पाएँ। प्रार्थना करें कि हमारे मिशनरी बिनोट को ब्रेन स्ट्रोक से शीघ्र चंगाई मिले।

कृपया प्रार्थना करें...

झारखंड के काकी डोमडा गाँव की बहन नमसीबनरा (40 वर्ष) पहले जादू–टोना करती थीं और इससे अपने परिवार के लिए अच्छी कमाई करती थीं। एक दिन उन्होंने मसीह को अपना उद्धारकर्ता स्वीकार कर लिया और जादू–टोना का अपना पेशा पूरी तरह से त्याग दिया। कृपया अपनी प्रार्थनाओं में उनके साथ रहें क्योंकि वह अपने नए विश्वास में आगे बढ़ रही हैं और प्रभु की गवाही दे रही हैं।

6
अगस्त
बुधवार

उपवास प्रार्थना दिवस

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती सुधारानी भाई रवि

खेरवाड़ाः केनोज स्टेनली एवं वंगालपुड़ी चांदनी; देबाशीष हेम्ब्रोम एवं शेफाली हांसदा

स्तुतिः ममता बेन और रीना बेन का सुरक्षित प्रसव हुआ। करीना बलेजा ने जब विषपान किया था, तब परमेश्वर ने उनकी जान बचाई। अशोक जोठिया को दुष्टात्मा के बन्धन से छुटकारा मिली। हमारे स्थानीय प्रचारक के पुत्र गणेश भाई का विवाह काफी हंगामे के बीच धूमधाम से संपन्न हुआ। मोती बेन को बिच्छू के डंक मारने पर परमेश्वर ने उनको चंगाई दी। रीना भाई को गर्भाशय की सिस्ट से चंगाई मिली।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि हमारे स्थानीय प्रचारक की बेटी शिल्पा को बिना किसी ऑपरेशन के गुर्दे की पथरी से मुक्ति मिले। प्रार्थना करें कि परमेश्वर हमारी स्थानीय प्रचारक की पत्नी सुरथा बेन को चंगाई दे जो पिछले 5 वर्षों से मानसिक रोग से पीड़ित हैं। मम्शा बेन को अवसाद से और सौनी बेन को पेट में की सिस्ट से चंगाई प्राप्त हो। नानी बेन, रमीला बेन, काली बेन और जितेंद्र भाई को दुष्टात्मा के बन्धन से छुटकारा मिले।

उदयपुरः
आशीष कुमार एवं सविता देवी

स्तुतिः उन 26 लोगों के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें जिन्होंने प्रार्थना सभा में भाग लिया और पवित्र जीवन जीने का संकल्प लिया। तीन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित आध्यात्मिक पुनरुत्थान सभा के माध्यम से 200 से ज्यादा लोगों को आशीष मिली। रमेश, लीला और राजमोल को दुष्टात्माओं के बन्धन से मुक्ति मिली। प्रार्थन के परिणामस्वरूप आरती को किडनी की समस्या से और अर्पिता को मिर्गी की दौरे की समस्या से चंगाई मिली।

प्रार्थनाः बेजली और संगीता के परिवारों के लिए प्रार्थना करें जो अपने ग्राम प्रधानों के डर से रविवार की प्रार्थना में शामिल होने से कतराते हैं। उन ग्रामीणों के लिए जिन्होंने क्षय रोग से मरने वाली सुगुना का ईसाई रीति से अंतिम संस्कार करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था ताकि प्रभु उन्हें आशीर्वाद दें। सुसमाचार का विरोध करने वालों का हृदय परिवर्तन के लिए प्रार्थना करें। देवीलाल, जिनका एक दुर्घटना में पैर टूट गया था, प्रभु उन्हें चंगाई दे। प्रार्थना करें कि बलासिया तालुक में सेवकाई का विस्तार हो।

7
अगस्त
गुरूवार

जन्मदिन मुबारक

श्री मोसेस मुरलीधरन एस.
श्रीमती जोशना जयरानी एबिनेज़र
सुश्री आरती

उत्तर प्रदेश

रानियाः

अनिल कुमार एवं कविता

स्तुतिः आठ स्थानों पर आयोजित वी.बी.एस. कक्षाओं में लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया और मसीह के बारे में जाना। उनके माता–पिता ने भी अंतिम दिन के कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाराजोड़ चर्च का निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से चल रहा है। परमेश्वर ने अमित को, जो एक कारखाने में काम करते समय एक दुर्घटना में अपना हाथ कटने से बचाकर अपना गवाह बनाया।

प्रार्थनाः आईए हम प्रार्थना करें कि कटरा गाँव में होने वाली सभा में आने वाले नए विश्वासियों की प्रार्थनाएँ ईश्वर द्वारा पूरी हों और उनका विश्वास प्रतिदिन बढ़ता रहे। प्रार्थना करें कि रानिया क्षेत्र में विभिन्न संप्रदायों की शिक्षाओं के माध्यम से विश्वासियों को विभाजित करने वाले अलगाववादी, सुसमाचार का प्रचार करने और कलीसियाओं को नष्ट करने वाले नए स्थानों पर न जाएँ। प्रार्थना करें कि बाबू और अरविंद परिवार, जो आराधना में नए हैं, उद्धार पाएँ और वे शीघ्र ही एक परिवार के रूप में प्रभु को स्वीकार करें।

घाटमपुरः

जंगखोलुन थौथांग एवं न्गाई थियानचिंग

स्तुतिः जो विश्वासी विरोध के कारण आराधना में आने से डरते थे, वे अब आने लगे हैं। परमेश्वर ने हमारे लिए यह संभव बनाया है कि हम बिना भीड़ इकट्ठा किए घर–घर जाकर प्रार्थना करें और सुसमाचार का प्रचार करें। राजीव कुमार परिवार को लंबे समय से चले आ रहे जमीन विवाद से छुटकारा मिल गई है। बालमिकी समुदाय के लोग सुसमाचार का स्वागत करने लगे हैं।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि विश्वासियों के बीच जो भय है वह दूर हो जाए। प्रार्थना करें कि सोनू, रेखा और सुमित विश्वास दृढ़ हों और वे शैतानी मुसीबतों से छुटकारा पाएँ। रविकुमार, अरविंद, रामशक्ति, आरती और सुनीता की पारिवारिक समस्याएँ दूर हों और वे शांतिपूर्ण जीवन जी सकें। हमारे विश्वासियों के बच्चे, जिन्हें सरकारी नौकरी मिल गई है, विश्वास से विमुख न हों।

8
अगस्त
शुक्रवार

जन्मदिन मुबारक

श्री एंड्रयूज जवाहर
श्रीमती हेप्सीबा एंड्रयूज
श्रीमती महला शीलाबेन पड़वी सोमालिया

भरथनाः

राजन एस एवं जेबा मलर

स्तुतिः चार स्थानों पर रात्रिकालीन सभाएँ आयोजित की गईं, और 32 गाँवों में अनुवर्ती सभाएँ आयोजित की गईं। दो गाँवों में सुसमाचार का प्रचार किया गया। मामन गाँव में विरोध के कारण आराधना सेवा रोक दी गई थी; परन्तु हमारी प्रार्थनाओं के उत्तर में परमेश्वर ने हमें सेवा पुनः आरंभ करने और इसे सप्ताह में दो बार आयोजित करने में सक्षम बनाया। मिलाच चर्च की 11वीं वर्षगाँठ भव्य रूप से मनाई गई। हमारे कलीसिया के प्राचीन अविनीश को सरकार ने एक घर स्वीकृति दी है और कई वर्षों से रुका हुआ रूपया मिल गया है। वह आउटरीच मंत्रालयों में उत्साहपूर्वक भाग लेता है।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि मेग्ना चर्च और हमारे स्थानीय प्रचारक श्याम सुंदर के खिलाफ चल रहे अदालती मुकदमे का जल्द ही सकारात्मक फैसला हो। सचिन की सांत्वना के लिए प्रार्थना करें जिसने एक ही महीने में अपने पिता और दादा को खो दिया। परमेश्वर सुमन, सविता और कंप्यूट को सुरक्षित प्रसव प्रदान करे। परमेश्वर मनीषा, मधु, ममता और प्रियंका को संतान सुख प्रदान करे। पिछले दो सालों से जांघ में एक फोड़ा से परेशान सोनी को परमेश्वर चंगाई प्रदान करे। प्रार्थना करें कि लक्ष्मी को गुर्दे की पथरी और गर्भाशय की सूजन से, सारदा को पित्ताशय की पथरी से और लाली को गर्भाशय की सूजन से चंगाई मिले।

राष्ट्रीय मिशन संस्थानः

एन राजादुरई एवं प्रेमा

स्तुतिः परमेश्वर ने 10 नए मिशनरियों को अपना प्रशिक्षण पूरा करने और मिशनरी क्षेत्रों में नियुक्त होने में सक्षम बनाया। काजल और विजिता, जिन्होंने अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया था, अब विवाहित हैं और कर्नाटक में अपने पतियों के साथ मिशनरी क्षेत्रों में काम कर रही हैं। मोहित और पंकज स्वेच्छा से प्रशिक्षण केंद्र में काम में मदद करने के लिए शामिल हुए हैं। मिशनरियों ने कारागार में बन्द हमारे विश्वासियों से मुलाकात की और उन्हें उत्साहित किए। नए भर्ती हुए मिशनरियों के लिए परमेश्वर की स्तुति करें।

प्रार्थनाः उन विश्वासियों के लिए प्रार्थन करें जो जेल में हैं और अपने रिश्तेदारों से परेशानियाँ झेल रहे हैं। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वे हमारे बाल भवन में रहने वाले बच्चों को भविष्य की कलीसियाओं के आधार स्तंभ के रूप में तैयार करे। प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छह लोगों के लिए प्रार्थना करें ताकि वे भीषण गर्मी से प्रभावित न हों। हमारे मिशनरी क्षेत्रों से और भी कई युवा विश्वासी पूर्णकालिक सेवकाई के लिए प्रतिबद्ध हों।

9 अगस्त
शनिवार

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती जोसेफिन शीबा जीवानंदन

मध्य प्रदेश

निवाली: हाबिल हेम्ब्रोम एवं बसंती मरांडी

स्तुति: एक प्रार्थना सभा के दौरान पाँच लोगों ने पवित्र जीवन जीने का संकल्प लिया। तीन स्थानों पर आयोजित वी.बी.एस. कक्षाओं में 150 बच्चों ने भाग लिया और परमेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। परमेश्वर ने एक गाँव में घर–घर जाकर सुसमाचार का प्रचार करने में बहुतों की मदद की। 14 स्थानों पर महिलाओं की प्रार्थना सभाएँ आयोजित की गईं।

प्रार्थना: दो जगहों पर नए मिशन क्षेत्र की शुरूआत की गई है। प्रार्थना करें कि समर्पित स्थानीय प्रचारक यहाँ काम करने के लिए आगे आएँ, चर्च के प्राचीन नियमित रूप से रविवार की आराधना करें, और विश्वासी पवित्र जीवन जिएँ तथा अपने रिश्तेदारों और गाँववालों को मसीही विश्वास में लाएँ।

मुरैना:

होज़िएल नायक एवं गीतांजलि

स्तुति: दो लोगों ने अपने पुराने पापमय जीवन को त्यागकर पवित्र जीवन को अपनाया है। गोलू, जो एक अच्छा छात्र और एक अच्छा विश्वासी था, परीक्षा के दौरान अपने हाथों और पैरों की मांसपेशियों में ऐंठन के कारण बहुत कमजोर हो गया था; परमेश्वर ने उसकी प्रार्थना सुनी और उसके हाथों को शक्ति प्रदान की और उसे परीक्षा में अच्छी तरह से लिखने में सक्षम बनाया। कविता और सीमा स्वयं सेवक के रूप में अपने गाँव में सुसमाचार का प्रचार कर रही हैं।

प्रार्थना: उदयवीर की शांति के लिए प्रार्थना करें जो आर्थिक तंगी से जूझ रहा है क्योंकि उनकी पत्नी किडनी फेल होने के कारण बिस्तर पर हैं और हाल ही में उनके पिता का निधन हो गया है। खैरिंडा गाँव के शैलेंद्र परिवार के लिए प्रार्थना करें जो बार–बार होने वाली बीमारियों और बुरी आत्माओं से होने वाली परेशानियों से तंग आ चुके हैं, प्रार्थना करें कि परमेश्वर उन्हें हिम्मत दे। मोहर सिंह और शकुंतला के परिवारों को परमेश्वर से मजबूत करे।

बाढ़ तुझे डुबा न सकेंगी

महाराष्ट्र के पेंट क्षेत्र के बोरपाड़ा गाँव की विश्वासिनी अनुसूया अपने पति के साथ कपड़े धोने के लिए पास की एक नदी पर गई थीं। भारी बारिश के कारण, नदी अचानक उफान पर आ गई और अनुसूया तेज बहाव में बह गईं। गाँव वाले बेतहाशा खोजबीन कर रहे थे, तभी उनके पति ने परमेश्वर को पुकारा। चमत्कारिक रूप से, उन्हें बिना किसी नुकसान के नदी के किनारे ले जाया गया और कुछ ही देर बाद वे खुद उठ खड़ी हुईं। पूरे परिवार ने खुशी मनाई और परमेश्वर की असीम सुरक्षा के लिए उनकी स्तुति की। प्रभु के नाम की महिमा हुई!

10 अगस्त
रविवार

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती सन्मता मनोहर ठाणे

श्री ओमप्रकाश

गुनाः

सतीश टी. एवं शर्मिला ए.

स्तुतिः जब विश्वासियों ने एकत्रित होकर दीवान बरेला के लिए प्रार्थना की, और परमेश्वर ने उसको बिच्छू के डंक की पीड़ा से चंगाई दी। बेहोशी की हालत में इधर–उधर भटक रहे सीताराम बरेला के परिवार को सुसमाचार सुनाया गया और उनके लिए प्रार्थना की गई, तब परमेश्वर उसको चंगाई दी। एक नए गाँव में सुसमाचार सुनाया गया। अंजना भाई और राधू भाई को दुष्टात्माओं के कब्जे से छुटकारा मिली। जब दीपक को रात में अचानक पूरे शरीर में दर्द और सूजन हुई, तो उसने परमेश्वर से प्रार्थना की और उसे चंगाई दी।

प्रार्थनाः उन लोगों के लिए प्रार्थना करें जिन्होंने यीशु में अपना विश्वास नए सिरे से स्वीकार किया है ताकि वे प्रभु में आगे बढ़ें। गाँवों में सेवा का विरोध करने वाले तांत्रिकों के पश्चाताप करने और प्रभु को स्वीकार करने के लिए प्रार्थना करें। रंजना भाई और राधा भाई को दुष्टात्माओं के बन्धन से मुक्ति मिले। बसकेड़ी गाँव में आराधना सेवा शुरू करने के लिए किए गए प्रयासों की सफलता के लिए प्रार्थना करें। कुदीभाई के पति, जिन्होंने अपने 12 साल के वैवाहिक जीवन में कोई संतान न होने के कारण उन्हें छोड़ दिया है, प्रार्थना करें कि घर लौट आए और संतान का आशीर्वाद प्राप्त करे। परमेश्वर हमारे मिशनरी सतीश को रीढ़ की हड्डी की समस्या से और उनकी पत्नी शर्मिला को मिर्गी की बीमारी से चंगाई प्रदान करे।

डबराः

सतीकांता परिछा एवं सगारिका प्रधान

स्तुतिः पाँच किशोरों ने तीन जगहों पर आयोजित बाल शिविरों में अपना जीवन यीशु को समर्पित कर दिया। विश्वासी और कलीसिया के प्राचीन अपने हृदय में एक बड़ा बोझ लिए हुए, आत्माओं को जीतने में लगे हुए हैं। कलीसिया के प्राचीनों का प्रशिक्षण और महिला सम्मेलन के माध्यम से, कई लोगों को पवित्रशास्त्र से सीखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमारे मिशनरी द्वारा परमेश्वर का वचन साझा करने और उनके सामने आने वाली पारिवारिक समस्या के बारे में परामर्श देने के बाद, माधवन और रीना को शांति मिलने से वे अब आराधना सेवाओं में भाग ले रहे हैं।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि पिटरवार में शीघ्र ही एक चर्च का निर्माण हो सके। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह सेवकाई में सहायता के लिए समर्पित स्थानीय प्रचारकों को तैयार करे। प्रेमनगर कलीसिया में एक प्रशिक्षण केंद्र बनाने के लिए नगरपालिका से अनुमति प्राप्त हो। सुल्तानपुर चर्च की भूमि को तहसीलदार कार्यालय और नगरपालिका से पंजीकृत करवाया जा सके। फिल्म सेवकाई के लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था के लिए प्रार्थना करें। उन विश्वासियों के लिए प्रार्थना करें जो विश्वास से पीछे हट गए हैं, पुनः यीशु पर अपने विश्वास को स्थापित कर सकें।

11 अगस्त
सोमवार

धारः
संतु मरांडी एवं राखी

स्तुतिः आउटरीच सेवकाई के माध्यम से कुछ नए गाँवों में सुसमाचार का प्रचार किया गया। विश्वासियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय आध्यात्मिक सभाओं में कई लोगों को आशीर्वाद मिला। कंधवानी गाँव में रहने वाले बिलाला समुदाय ने उत्सुकता से सुसमाचार सुना। कलीसिया के प्राचीनों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम ने उन्हें अपने आध्यात्मिक जीवन में आगे बढ़ने और अपनी कलीसिया का सही मार्ग पर नेतृत्व करने में मदद की।

प्रार्थनाः बिलकुंडा गाँव के 30 वर्षीय युवक राहुल के लिए जो बड़ी उत्सुकता से परमेश्वर का वचन ग्रहण कर रहा था, जिसको अभी कैंसर का पता चला है; प्रार्थना करें कि परमेश्वर उसे सम्पूर्ण चंगाई प्रदान करे। जो लोग अपने जीवन में यीशु मसीह को स्वीकार करने में हिचकिचाते हैं, वे साहसपूर्वक मसीह को ग्रहण करें। चौहान, परमंत, परमंत कथारे और राहुल कथारे को शराब की लत छूटकारा मिले और वे नियमित रूप से कलीसियाई आराधना में भाग लें। प्रार्थना करें कि सभी नियोजित कार्यक्रम सुचारू रूप से हो।

पालः महेंद्रन एवं पुष्पम

स्तुतिः मानसिक बीमारी के कारण जंगल में भटक रहे अमितशा के परिवार के सदस्यों को परमेश्वर द्वारा दी गई मुक्ति के लिए प्राु को धन्यवाद दें। जब परिवार के सदस्यों को सुसमाचार सुनाया गया और प्रार्थना की गई, तो अब पूरा परिवार ने प्रभु को स्वीकार किया और आराधना में भाग ले रहे हैं। परमेश्वर ने रायशा और राठी को बिच्छू के डंक से और रामसिंह को विषैले साँप के काटने से बचाया। रूपसिंह को प्रार्थना के माध्यम से पीलिया से चंगाई मिली।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि परमेश्वर कालीमाई को कूल्हे के गंभीर दर्द से, बोंगडी को लकवा से, रंगारीभाई को पैर की सूजन से और मुजिलाभाई को क्षय रोग चंगाई प्रदान करे। पुतलीमा को दुष्टात्मा के बन्धन से छुटकारा प्राप्त हो।

असम
गोगामुख एवं
धखुवाकानाः डेनसिंह आर. एवं जैस्मीन कविता आर.

स्तुतिः कुछ लोगों ने प्रभु में अपने विश्वास का अंगीकार किया। एक आराधना समूह शुरू किया गया है। फुलेश्वर को प्रार्थना के माध्यम से कैंसर से चंगाई मिल रही है। गीतांजलि और लोकीबाथांग दोनों लंबे समय से बीमार थे, परन्तु प्रभु ने प्रार्थना के माध्यम से उन्हें चंगाई दी। हमारे मिशनरी की बेटी लिस्सा मिराक्लिन चंगी हो रही हैं।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि वे जयपति को क्षय रोग से, रुक्मणी कम्मन को रीढ़ की हड्डी की समस्या से और तंत्रिका विकार के कारण कोई भी काम करने में असमर्थ पुइवथी पेगु को चंगाई मिले। प्रार्थना करें कि सभी विश्वासी प्रभु में बढ़ें और झूठे सिद्धांतों से दूर रहें। इस मिशन क्षेत्र के गाँवों में सुसमाचार के लिए एक खुला द्वार हो।

12 अगस्त
मंगलवार

जन्मदिन मुबारक
श्रीमती ज्योति मेरी जॉन स्टीफन

गोहपुर:
नाथन कुमार बेबरता एवं निरुपोमा खोसला

स्तुति: लोकबैसुक गाँव में एक नया प्रार्थना समूह शुरू किया गया है। पाँच जगहों पर आयोजित रात्रि सभाओं में लगभग 800 लोगों ने सुसमाचार सुना। तीन जगहों पर आयोजित बाल शिविरों के माध्यम से कई बच्चों को पवित्रशास्त्र की सच्चाई का ज्ञान प्राप्त हुआ।

प्रार्थना: जमकुरी गाँव के चर्च का निर्माण शुरू हो गया है। आतंकवादियों ने इसे ध्वस्त करने की धमकी दी है। अगर चर्च बनता है, तो उसकी सुरक्षा के लिए प्रार्थना करें। आईए हम प्रार्थना करें कि कई नए गाँवों में सुसमाचार प्रचार के लिए द्वार खुलें, प्रार्थना समूह शुरू हों, स्थानीय कार्यकर्ताओं का सहयोग मिले और कलीसिया के प्राचीन आध्यात्मिक रूप से कलीसियाओं का सही नेतृत्व कर सकें।

बिहार
पूर्वी गंगा क्षेत्र (ईजीआर):
बाबू पुष्पराज डी. एवं राहेल जॉयस

स्तुति: दो गाँवों के लोग परमेश्वर का वचन सुनने के लिए उत्सुक हैं। ऋषिदेव को शराब की लत से मुक्ति मिल गई है। परमेश्वर ने हमारी मिशनरी शीला पवार को सर्जरी से हुए घावों से चंगाई दी। परमेश्वर ने कुछ नए गाँवों में भी सुसमाचार बाँटने में हमारी सहायता की।

प्रार्थना: बोटन ऋषिदेव के हाथ का फोड़ा से दर्द से परेशान है प्रार्थना करें कि वह उसे चंगाई पाए। नागू ऋषिदेव और राहुल ऋषिदेव को शराब की लत से छुटकारा मिले। प्रार्थना करें कि हमारे अनुयायियों द्वारा कुछ गाँवों में आउटरीच सेवा की योजना के अच्छे परिणाम मिले। बुरी खबरें फैला रहे विद्यानंद पासवान के लिए प्रार्थना करें। हमारे विश्वासियों को पश्चाताप करने और प्रभु को स्वीकार करने के लिए। नवीन कुमार के पिता के ड0ार के लिए प्रार्थना करें। तंत्रिका संबंधी समस्या के कारण खड़ी होने में असमर्थ तीन साल की बेटी प्रतिमा को परमेश्वर चंगाई प्रदान करे। पिलिसेन ऋषिदेव को नशे की लत से बवासीर की समस्या से छुटकारा मिले।

13
अगस्त
बुधवार

उपवास प्रार्थना दिवस

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती ज्ञानाशेखर जॉन डेविड
श्री अशोक नायक

झारखण्ड

लालमाटिया:

अमरेंद्रन एवं गौरम्मा ई.

स्तुति: तीन लोगों ने अपना पुराना जीवन त्यागकर एक नया जीवन अपनाया है। तीन नए गाँवों में सुसमाचार का प्रचार किया गया। परमेश्वर ने प्रार्थना के द्वारा काजोल कां चंगाई दी जिसका सिर घावों से भरा हुआ था। जब हमारे दो विश्वासियों को सर्जरी के लिए रक्त की आवश्यकता थी, तो परमेश्वर ने उन्हें सही समय पर रक्त उपलब्ध कराने और स्वस्थ होकर अस्पताल से छुट्टी दिलाने में मदद की।

प्रार्थना: महाबुटन, पियाराम और कटकरे चर्चों को लोगों का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त चर्च एल्डर्स मिलने के लिए प्रार्थना करें। सुरेंद्र टुडू, आँखों की रोशनी वापस मिलने के लिए प्रार्थना करें। हेना मुर्मू, जो घाव भरने के कारण काम पर नहीं जा पा रही हैं और मीरा हेम्ब्रोम, जो पेट में सूजन के कारण खाना नहीं खा पा रही हैं प्रार्थना करें कि वे चंगाई पाएँ। उंगलियाँ सड़ने की समस्या से जूझ रही मारुंगमाई मुर्मू, की चंगाई के लिए प्रार्थना करें।

नोनिहाट:

बेनहर एम एंड मेरी जॉन्सी रानी

स्तुति: प्रार्थना सभा में 26 लोगों ने भाग लिया और पवित्र जीवन जीने के लिए स्वयं को समर्पित किया। सोमी मुर्मू को शैतान के बन्धन से और बाबूजी मुर्मू को तपेदिक की गंभीर बीमारी से छुटकारा मिली। विश्वासी थाना चर्च में एकत्रित हुए और ग्रामीणों के पुनरुत्थान के लिए दो दिन की उपवास प्रार्थना में शामिल हुए। परमेश्वर ने तलमीना मुर्मू को उनके घर में शैतान द्वारा उत्पन्न समस्याओं पर विजय पाने और शांति पाने में मदद की।

प्रार्थना: मिर्गी से पीड़ित नीकी किस्कू, सलमा बेसरा और कुडू के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करें। मानसिक रोग से पीड़ित रसिकलाल हंसदा और पुठलाल सोरेन की चंगाई के लिए प्रार्थना करें। सुसमाचार का विरोध करने वाले डुमा मरांडी और जगदीश्वर हंसदा के मनफिराव के लिए प्रार्थना करें। बहादुरपुर कलीसिया का प्राचीन बेल्टा की शंति के लिए प्रार्थना करें जोघर में हुई चोरी और सेंधमारी से दुखी हैं।

14 अगस्त
गुरुवार

जन्मदिन मुबारक

श्री चार्ल्स चेल्लाकुमार
श्री धुरुबाराज बेबरता
श्रीमती सोफिया डैनियल राजमणि

मांड्रो/भगैया छात्रावासः हिज़ाम केनेडी सिंह एवं हीजा़म लिन्थोइबी; सुधाहरन (सेवानिवृत्त) एवं फ्लोरेंस

स्तुतिः प्रार्थना सभा में भाग लेने वाले 5 लोगों ने अपने पापमय जीवन को त्यागने और पवित्र जीवन जीने का निर्णय लिया। कई बच्चों ने वीबीएस कक्षाओं में भाग लिया और परमेश्वर का वचन सीखा। एक आत्मा–विजय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया और विश्वासियों और प्राचीनों को लाभ प्राप्त हुआ। प्रार्थना के बाद डेविड मरांडी की खोई हुई भैंस घर लौट आई। बिहार के बानीपुर और इड़जोला क्षेत्रों में नई आराधना सभाएँ शुरू की गई हैं।

प्रार्थनाः कैंसर से दिवंगत हुए संजकली के परिवारजनों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें। लकवाग्रस्त मारंगमाई मुर्मू और टेरेसा हंसदक के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि सिमरा, पोर्टला और तियारा गाँवों में चर्च निर्माण हेतु भूमि प्राप्त हो, और पंचायतों के साथ सुचारू रूप से कानूनी कार्यवाही हो सके। विश्वासियों के लिए प्रार्थना करे कि वे विश्वास में बढ़ें और गवाही का जीवन बिताएँ।

सुंदरपहाड़ीः शिवशंकर एवं कांतिदेवी

स्तुतिः पंडारिया गाँव के चर्च को परमेश्वर की महिमा के लिए संस्कार किया गया। परमेश्वर ने आठ स्थानों पर अनेक लोगों तक सुसमाचार का प्रचार करने में हमारी सहायता की। कुसुम्बा गाँव में बिजली गिरने से बेहोश हुए सुरेश मड़ैया को परमेश्वर ने चंगाई प्रदान की।

प्रार्थनाः बहादर गाँव के नए विश्वासी बरका टुडू के परिवार की सांत्वाना के लिए प्रार्थना करें जो अपने बेटे की मृत्यु के शोक में हैं। तमरू क्षेत्र में सुसमाचार के शीघ्र प्रसार के लिए प्रार्थना करें। मलेरिया से पीड़ित सैम हेम के शीघ्र स्वास्थ्य होने और इस क्षेत्र के उन कई लोगों के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करें जो गुर्दे संबंधी बीमारियों से पीड़ित हैं।

भूत कांपते हैं

झारखण्ड के दुमका जिले के नोनीहाट गाँव के निवासी, तालामिया मुर्मू, एक दुष्ट आत्मा से पीड़ित थे जो हर रात उनके घर को परेशान करती थी, भयानक आवाजें निकालती थी और आने–जाने वालों को भगा देती थी। दुष्ट आत्मा से छुटकारा पाने के कई तरीके आजमाने के बावजूद, कोई फायदा नहीं हुआ। आखिरकार, उन्होंने हमारे मिशनरियों को अपने घर में प्रार्थना करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने सुसमाचार सुनाया और परिवार के साथ प्रार्थना की। उस रात के बाद से, दुष्टात्माओं का उपद्रव पूरी तरह से समाप्त हो गया, और तालामिया के पूरे परिवार ने अपना जीवन मसीह को समर्पित कर दिया। परमेश्वर की महिमा हो!

15 अगस्त
शुक्रवार

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती हेपसिबा अल्बर्ट
श्रीमती झाँसी रॉबिन्सन
श्रीमती मग्दलीन ग्रेस इसाहक
श्रीमती दुलंती रियांग नाबा सिंह

टेलो: अरुलानंदम वेंकटेशन एम एवं लिसा

स्तुति: जागृति सभा में उपस्थित 33 लोगों ने प्रभु के लिए एक नया जीवन जीने का निश्चय किया। बिहार के विभिन्न भागों में आयोजित खुले में सुसमाचार साझा करने के कार्यक्रम में, लगभग 1200 लोगों को सुसमाचार पत्रक वितरित किए गए और परमेश्वर ने सुसमाचार प्रचार करने में अपनी कृपा प्रदान की। 6 कलीसियाओं के विश्वासियों के माध्यम से, परमेश्वर ने उन्हें 19 गाँवों में जाकर अपने अविश्वासी रिश्तेदारों को सुसमाचार प्रचार करने का अवसर प्रदान किया। दित्ती गाँव का गिरजाघर परमेश्वर की महिमा के लिए समर्पित किया गया।

प्रार्थना: आईए हम डिक्रोतला, पारापोंगामा, छोटापोंगामा, पेरडोर, किताईजोर और तारापुर गाँवों में, जो सुसमाचार के लिए उत्सुक हैं, प्रार्थना समूहों की तत्काल स्थापना के लिए प्रार्थना करें। कलीसिया के प्राचीनों और स्थानीय प्रचारकों के परिवारों के लिए प्रार्थना करें, ताकि उनकी सेवकाई सुचारू रूप से चलने पाए। उन काले जादू केंद्रों के लिए प्रार्थना करें जो विश्वासियों को भ्रमित करते और दूसरों को मसीह के पास आने से रोकते हैं।

धलभूमगढ़: वाघेरा प्रमोद कुमार एवं राऊत जशोदाबेन

स्तुति: लार्कबाशा गाँव के बालई सोरेन और सोहराई हेम्ब्रोम नामक विश्वासियों को परमेश्वर ने हाथी से बचाया। परमेश्वर ने विजय मुर्मू के पैर की सूजन और चार साल से अवसाद से जूझ रहे नरेन मुर्मू को चंगाई दी। प्रार्थना के फलस्वरूप परमेश्वर ने छात्रावास के लिए एक समर्पित वार्डेन दिया।

प्रार्थना: परमेश्वर ने साम मार्डी को मिर्गी से, जितेन हंसदा को असाध्य पेट दर्द से और सोहा मार्डी को साँस लेने की समस्या से चंगाई दे। परमेश्वर ने हमारे श्रद्धालुओं और घर के बच्चों की इस मानसून और उसके बाद आने वाली मौसमी बीमारियों से रक्षा करे। प्रार्थना करें कि परमेश्वर छात्रावास के लिए एक अच्छा रसोइया उपलब्ध कराए।

परमेश्वर के लिए धुन

पंजाब के अहमदगढ़ मंडी क्षेत्र की एक विश्वासी विमला, गर्मी की छुट्टियों में अपने बच्चों के साथ उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में स्थित अपने पैतृक गाँव गई थीं। रविवार को, जब वह चर्च जाने की तैयारी कर रही थीं, तो उन्हें यह देखकर दुःख हुआ कि इलाके के सभी चर्च बंद थे। बहुत प्रार्थना और आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए, उन्होंने पाँच परिवारों के साथ सुसमाचार साझा किया और एक छोटा प्रार्थना समूह बनाया। वे हर रात प्रार्थना के लिए इकट्ठा होने लगे। आईए, हम इसके लिए परमेश्वर की स्तुति करें, जो उन्होंने उनके हृदय में आध्यात्मिक उत्साह और प्रार्थना का बोझ डाला है।

16
अगस्त
शनिवार

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती मेरी सेबस्टीन

पश्चिम बंगाल

इटाहारः अस्ताबन आदित्य कुमार एवं मानिनी बेबरता

स्तुतिः सात लोगों ने प्रार्थना सभा में भाग लिया और अपने पापमय जीवन का त्याग किया। प्रभुकाट गाँव में आयोजित एल्डर्स प्रशिक्षण शिविर में दस लोगों ने भाग लिया और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। परमेश्वर ने जीज़स फिल्म को सात स्थानों पर प्रदर्शित करने में मदद की। विवाह के 7 वर्षों के बाद परमेश्वर ने सोनाली बास्की परिवार को एक सुंदर संतान का आशीर्वाद दिया। परमेश्वर ने सिमोली मार्डी और चिन्मयी को एक जहरीले साँप के काटने से बचाया।

प्रार्थनाः आईए हम उन 18 गाँवों में, जहाँ वर्तमान में आराधना हो रही है, सेवकाई के विकास और आस–पास के गाँवों में सेवकाई के विस्तार के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि कोंकण किस्कू, जो पूरे शरीर में सूजन से पीड़ित हैं, क्षय रोग से पीड़ित कबीराज सोरेन, और सिंजी सोरन और पूरे शरीर में खुजली से पीड़ित गौरव हेम्ब्रोम के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करें।

मलारपुरः उपदेश कुमार एवं श्वेता वर्मा

स्तुतिः परमेश्वर ने मिशनरियों को मलारपुर में एक अच्छा घर ढूँढ़ने में मदद की। जोसेफ और शैलेश, जो मानसिक बीमारी से पीड़ित थे और कई लोगों को परेशान कर रहे थे, मिशनरियों द्वारा उनके घर जाकर उनके लिए प्रार्थना करने के द्वारा चंगे हो गए। 18 गाँवों में सुसमाचार प्रचार किया गया और 160 लोगों को सुसमाचार पत्रक वितरित किए गए।

प्रार्थनाः मिशनरी उपेश कुमार के लिए प्रार्थना करें जो पूरे शरीर पर चकत्ते और खुजली से पीड़ित हैं, परमेश्वर उन्हें शीघ्र ही चमत्कारिक रूप से चंगाई दे। प्रार्थना करें कि परमेश्वर चांदनी क्षेत्र में एक आराधना समूह शुरू करने के प्रयासों को आशीषित करे। मल्लापुर क्षेत्र में कई नए स्थानों पर सभाएँ शुरू हों, और सेवकाई फले–फूलें।

जहर फट गया

महाराष्ट्र के पेंट फील्ड के कामतपाड़ा गाँव के एक विश्वासी, बंधू भाई, एक दिन अपने खेत में काम कर रहे थे कि अचानक उन्हें एक जहरीले साँप ने काट लिया। सदमे और दर्द के बावजूद, उन्होंने सच्चे मन से प्रार्थना की, घाव पर कपड़ा बाँधा और घर वापस चल गया। उसके परिवार ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया, उन पर तेल लगाया और उनके लिए प्रार्थना की। परमेश्वर ने चमत्कारिक रूप से हस्तक्षेप किया, और साँप के जहर का उनके शरीर पर कोई असर नहीं हुआ। अब वह निडरता से दूसरों को परमेश्वर द्वारा उनके जीवन में किए गए चमत्कार की गवाही देता है। हल्लेलूय्याह!

17
अगस्त
रविवार

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती न्गाई थियानचिंग जांगखोलुन

जंबानी: एफ्रैम माली एवं प्रोसोन्सिता माली

स्तुति: परमेश्वर ने कुछ गाँवों में पहली बार सुसमाचार प्रचार के लिए द्वार खोल दिया है। सिंगा समुदाय के तीन परिवारों ने प्रभु को स्वीकार कर लिया है। एक समर्पित स्वयंसेवक धर्मेंद्र सोरेन सेवकई में हमारी मदद करता है। लगातार बारिश के दौरान भी सेवा में कोई बाधा नहीं आई।

प्रार्थना: प्रार्थना करें कि रतन चंद्र प्रभु को स्वीकार करे। मालती मुर्मू, बॉबी मुर्मू, सोना हांसदा परिवार, कालीबाथ सोरेन, दासा सोरेन, पावेलपट्टी सोरेन, बिजय कृष्ण परिवार, गौरीमोनी सोरेन, फुलमनी मुर्मू, पोनमोनी सोरेन, जोकेमासी कालीपाड़ा बास्की, रॉबिन बास्की और अंजलि के पति के लिए प्रार्थना करें कि वे प्रभु को स्वीकार करें। थुलिबथ की लीलिमा सिंगा जन्म से अंधी हैं और वह सुसमाचार में रुचि दिखाती हैं; उन्हें प्रार्थना करें कि उसे दृष्टि प्राप्त हो।

हल्दीबाड़ी / गाजोल: अनिल कुमार बिशोई एवं ऐलिस

स्तुति: मानसून के दौरान भी परमेश्वर ने हमारे मिशनरियों को सेवकाई करने में सक्षम बनाया और सुरक्षा प्रदान की। परमेश्वर ने तीन नए गाँवों में सुसमाचार बाँटने के लिए खुला द्वार दिया था। पाँच गाँवों में अनुवर्ती सेवकाई पूरी की गई और कई लोगों ने आनन्दपुर्वक सुसमाचार साहित्यों को ग्रहण किया।

प्रार्थना: प्रार्थना करें कि सोनापुर, कंडापड़िया, फतेहपुर, पेंगालपट्टी, हरिरामपुर और पमुहा गाँवों में सुसमाचार के लिए द्वार खुले। राजवंशी समुदाय की जागृति के लिए प्रार्थना करें। जो लोग विश्वासियों को आराधना और प्रार्थना में शामिल होने से रोकते हैं, उनके लिए पश्चाताप और मसीह के प्रेम का स्पर्श के लिए प्रार्थना करें। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि प्रतिमा के साढ़े तीन साल के बच्चे को चमत्कारिक उपचार मिले ताकि वह स्वस्थ हो सके और चल सके। परमेश्वर प्रदीप देव शर्मा को सूजे हुए जिगर से और मुगुल सरकार को लकवे से चंगाई दे। बीमारी के कारण बिस्तर पर पड़े मिशनरी के बड़े भाई, की चंगाई के लिए प्रार्थना करें।

खोई हुई गाय मिली

ओड़िशा के रिमुली के कोंगोना गाँव के सुकुरमणि मुंडा एक शाम घर लौटे तो उन्होंने अपनी गाय को गायब पाया। उन्होंने रात भर उसे ढूँढा, परन्तु वह नहीं मिली। सोने से पहले, उन्होंने अपनी गाय की वापसी के लिए सच्चे मन से प्रार्थना की। उस रात, उन्होंने एक सपना देखा जिसमें उन्होंने गाँव के किनारे एक कटहल के पेड़ के नीचे गाय को खड़ा देखा। अगली सुबह, वे उस जगह गए और अपनी गाय को ठीक वैसा ही पाया जैसा उन्होंने सपने में देखा था। उन्होंने खुशी से परमेश्वर की महिमा की। हल्लेलूय्याह!

18
अगस्त
सोमवार

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती गीता केनेथ
श्रीमती मेलबिन रेज़िनी सुंदर
श्री अखिलेश कुमार
श्रीमती मेरी नेंगनेइकिम खोंगसाई

छत्तीसगढ़

वाड्रफ नगरः

भूपति पी एवं पौलिन मेरी

स्तुतिः परमेश्वर ने सात लोगों को शराब और बुरी आदतों से मुक्ति दिलाई। सेवकाई से लौटने के दौरान ऑटो के अचानक पलटने पर परमेश्वर ने मिशनरी की पत्नी की जान बचाई। कुछ गाँवों में सुसमाचार का प्रचार किया गया और बच्चों के लिए 13 जगहों पर बाइबल अध्ययन आयोजित की गई।

प्रार्थनाः निकिता के विश्वास का विरोध करने वालों के लिए प्रार्थना करें कि वे उनका विरोध करना बंद करें। परमेश्वर रोनी और पजहंकन को दुष्टात्माओं के कब्जे से मुक्ति प्रदान करे। नियोजित सेवकाई कार्यक्रम बिना किसी रुकावट के चलते रहें और प्रत्येक कार्यक्रम फलदायी हो।

घरघोड़ाः

किंग्सली इसाहक जॉनसन एम. एवं मीना

स्तुतिः एक दिन की उपवास प्रार्थना और तीन दिन की उपवास प्रार्थना सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आराधना सेवाएँ बिना किसी बाधा के संपन्न हुईं। 5 आउटरीच सेवकाई और 15 सत्संग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मिशन क्षेत्र में एक दिवसीय बाल शिविर का आयोजन किया गया। तीन वर्षीय जाबेज, जो गंभीर पेचिश के कारण अस्पताल में भर्ती था, परमेश्वर ने उसको प्रार्थना के माध्यम से चंगाई दी। एक अज्ञात बीमारी से चंगाई पाकर सुगुना रतिया ने मसीह को स्वीकार किया और सार्वजनिक रूप से प्रभु में अपने विश्वास का अंगीकार किया।

प्रार्थनाः रतिया समुदाय के लिए प्रार्थना करें कि बहुत से लोग मसीह के सुसमाचार को स्वीकार करें और विश्वासीगण गवाही का जीवन जिएँ। कामनार तालुका में सुसमाचार के मार्ग में आने वाली बाधाएँ समाप्त हों और उन गाँवों में भी सुसमाचार के मार्ग खुलें जहाँ वर्तमान में सुसमाचार प्रचार की अनुमति नहीं है। रुक्मणी, बाबूलाल और उनके पुत्र को दिव्य उपचार मिले और वे मसीह यीशु में उद्धारक विश्वास की ओर अग्रसर हों। कलाबनी गाँव में चर्च के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि प्राप्त हो। चलने में असमर्थ केदामा गाँव के सतकुवेर सितार, की चंगाई के लिए प्रार्थना करें।

19 अगस्त
मंगलवार

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती कुमारी सुसामा हारामोहन
श्रीमती सुष्मिता समारेन्द्र सिंह

चंपा:

विनोद कुमार सिंह एवं प्रवातीमणि

स्तुति: लगभग 500 लोगों ने वचन की घोषणा के माध्यम से सुसमाचार सुना। 8 व्यक्तियों ने मसीह को अपना निजी उद्धारकर्ता स्वीकार किया। तनौद, नेवारी, जेबरा, डोंगा कोहोरोड, वेस्तारा और मेवार कॉलोनी के पाँच नए गाँवों में सुसमाचार का प्रचार किया गया। हमारे विश्वासियों के विश्वास को सुदृढ़ करने के लिए पामगढ़ में एक महिला शिविर और एक पारिवारिक एकांतवास का आयोजन किया गया। अकलतरा गाँव की अमरान को रक्त कैंसर से चंगाई मिली।

प्रार्थना: पिछले छह वर्षों से गठिया रोग से पीड़ित मदालशा के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करें। कंचन को शरीर के गंभीर दर्द से और जागृति को गुर्दे की बीमारी से चंगाई मिले। प्रार्थना करें कि सिवरी नारायण गाँव में मिशनरी सेवा के विस्तार हेतु एक नया उपकेंद्र खोला जा सके। प्रार्थना करें कि बैंगलोर में व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे मिशनरी के बच्चों को अच्छी नौकरी मिले।

हाटी:

दिनेश कुमार एवं नीतू

स्तुति: 80 लोग सुसमाचार का नेतृत्व कर रहे हैं। गियारी गाँव में नए परिवार चर्च में शामिल हुए हैं। करतला में तीन दिन की उपवास प्रार्थना आयोजित की गई। प्रार्थना करें कि हमारे क्षेत्र में प्रचुर वर्षा हो। प्रभु ने हमारे क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु में धान की अच्छी फसल प्रदान की। हमारे तीन विश्वासी परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला। रत्या समुदाय से एक नया परिवार चर्च में आने लगा है।

प्रार्थना: सारती गाँव से आई एक नई संपर्ककर्ता, जम्पाली के लिए प्रार्थना करें कि उसका पति मसीह में विश्वास करे। जगीश और उसके भाई प्रदीप के लिए प्रार्थना करें कि वे मसीह को अपना निजी उद्धारकर्ता स्वीकार करें। पादरी के रूप में सेवा करने के लिए दो पादरी परिवारों की आवश्यकता पूरी हो। समरकाना के चर्च में आने वाले दो नए परिवारों के लिए प्रार्थना करें कि वे अपने विश्वास में आगे बढ़ें। जोगदा गाँव के दर्शन सिंह रत्या और गिरारी गाँव के पारस रत्ती के लिए प्रार्थना करें कि वे प्रभु यीशु मसीह में विश्वास करें।

20
अगस्त
बुधवार

उपवास प्रार्थना दिवस

जन्मदिन मुबारक

श्री इजराइल डैनियल पी.
श्री इमानुएल मुर्मू
श्रीमती नीरूबेन सोमाबाई

पत्थलगांवः

पड़वी सोमालिया मनसुभाई एवं महाला शीलाबेन

स्तुतिः विश्वासियों के एक दिवसीय समागम में, 18 लोगों ने पवित्र जीवन जीने के लिए स्वयं को समर्पित किया है। टटकाऊ गाँव में एक नई प्रार्थना सभा शुरू की गई है। जब आराधना की कमी को लेकर लोगों में आक्रोश था, तो भाटिया गाँव के नरवीन खजूर ने अपना घर देने की पेशकश की। चमरकारा और तिंडुपावरा गाँवों में भजन सभाओं के माध्यम से कई लोगों को सुसमाचार सुनाया गया।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि हरजीत सिंह को कैंसर से, चकलसाई रतिया और जयप्रकाश को लकवाग्रस्त से, सुकाराम और दुक्का को शैतान के चंगुल से, रायप्रोल को हाथ–पैरों में सूजन से तथा उच्च रक्तचाप से चंगाई मिले। विश्वासियों के लिए प्रार्थना करें कि वे रविवार की आराधना में नियमित रूप से भाग लें।

ओड़िशा

अंगुलः शंकर पी. एवं जेलिन टी.

स्तुतिः हमारे विश्वासी अनंतो टुडू के दोनों बेटों ने अपना जीवन परमेश्वर को समर्पित कर दिया है और बाईबल कॉलेज में दाखिला ले लिया है। परमेश्वर ने दुनुसयान को दुष्टात्माओं के कब्जे से मुक्ति दिलाई। परमेश्वर की महिमा के लिए हमारे विश्वासियों के बच्चों की शादियाँ आयोजित की गईं। कुछ गाँवों के लोगों ने उत्सुकता पुर्वक सुसमाचार सुना।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि जैथमथपुर चर्च का समर्पण समारोह शांतिपूर्वक संपन्न हो। हो समुदाय में प्रचलित बाल विवाह की प्रथा समाप्त हो। विश्वासियों के बीच और अधिक अगवों के खड़े होने के लिए प्रार्थना करें कि वे सुसमाचार को अपने लोगों तक पहुँचा सकें। प्रार्थना करें कि सुसमाचार नए गाँवों के और लोगों तक पहुँचे ताकि वे सुसमाचार के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया दें।

21 अगस्त
गुरूवार

जन्मदिन मुबारक
श्रीमती एमी आनंदी एलिया

ढेंकनाल:
अशोक नायक एवं सुरभि बीरो

स्तुति: बीमारी के कारण बिस्तर पर पड़ी सीमाथैया को प्रार्थना के द्वारा चंगाई मिली। बीरसिंग पूर्ति, जो दुष्टात्मा के वश में होने के कारण चलने में असमर्थ थी, परेश्वर ने उसको चंगाई दी और चलने में सक्षम बनाया। परमेश्वर ने दुनुसैमिया को मानसिक बीमारी से चंगाई दी जो दुष्टात्मा के वश में होने के कारण से अस्वस्थ थी। कलीसिया के प्राचीनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापुर्वक संचालित की गई।

प्रार्थना: प्रार्थना करें कि नए विश्वासीगण प्रभु में दृढ़ हों। रहमा, सेरामहसाही और रंगीपाल मसीह के प्रेम से प्रभावित हों। हमारे विश्वासियों को धमकी दे रहे गोंदिया के ग्रामीणों के लिए प्रार्थना करें कि वे पश्चाताप करें और मसीह को स्वीकार करें; तथा विश्वासीगण प्रभु में दृढ़ रहें। संथुरी पूर्ति को मानसिक रोग से चंगाई मिले।

गुजरात
सेलाम्बा:
युवनेश एवं झाँसी रानी

स्तुति: कुकरमुंडा गाँव में जब लोगों ने हमारे मिशनरियों पर हमला करने की कोशिश की, तब ईश्वर ने उन्हें सुरक्षा प्रदान की। श्रमिला ने सुतान प्रपति के लिए प्रार्थना की और परमेश्वर ने उन्हें एक बच्ची का आशीर्वाद दिया। ईश्वरभाई को गुर्दे की पथरी से चंगाई मिली।

प्रार्थना: सोनवाल गाँव में, जहाँ सुसमाचार में गहरी रुचि है प्रार्थना करें कि वहाँ शीघ्र ही एक आराधना समूह शुरू हो सके। इस मानसून में पर्याप्त वर्षा हाने के लिए प्रार्थना करें। सभी नियोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम सुचारू रूप से चलने पाए। प्रार्थना करें कि कुकरमुंडा, रायघाट और पुलवाड़ी गाँवों में विरोध कम हो और इन गाँवों में सुसमाचार के लिए द्वार खुले।

खेरगम: कुमारन जी एवं जेलिन जया प्रथा

स्तुति: उन्होंने हमें छुट्टियों के दौरान छात्रावास का नवीनीकरण करने में सक्षम बनाया। इस वर्ष 30 नए बच्चों ने छात्रावास में पढ़ने के लिए दाखिला लिया है। मुंबई से आई टीम ने हमारे बच्चों को धर्म–निरपेक्ष और आध्यात्मिक ज्ञान के बारे में सिखाया। 12वीं कक्षा पास करने वाले बच्चों को कॉलेजों में प्रवेश मिल गया।

प्रार्थना: छात्रावास में नए आए बच्चों के लिए प्रार्थना करें ताकि वे समायोजित होकर खुश रह सकें। प्रार्थना करें कि छात्रावास के लिए एक अच्छा रसोईया और एक समर्पित वार्डेन की व्यवस्था हो। प्रार्थना करें कि बच्चे मौसमी संक्रमणों जैसे खुजली, बुखार और अन्य बीमारियों से सुरक्षित रहें। छात्रावास के सभी बच्चों का आध्यात्मिक विकास के लिए प्रार्थना करें और साथ ही वे ज्ञान और बुद्धि से भी परिपूर्ण हों।

22
अगस्त
शुक्रवार

कपराडाः

बिदुश कुमार एवं प्रीतिबाला

स्तुतिः पाटली और सावरपाड़ा गाँवों में नाट्य कार्यक्रमों के माध्यम से सुसमाचार का प्रचार किया गया। वादी गाँव में 27 लोग विश्वासियों के समूह में शामिल हुए। मधुलना गाँव के राधुभाई, जो शैतानी हमले के कारण स्वयं को हानि पहुँचाते थे, चमत्कारिक रूप से मुक्ति मिली। सिम्बरवाहल गाँव के त्रियम्बकभाई, जो एक पेड़ की टहनी के सिर पर गिरने से घायल हो गया था और जिसकी सर्जरी हुई थी, अब ठीक हो गया है। दिक्सल गाँव के प्रवीण, जो साँप से टकराकर दुर्घटना का शिकार हो गया था परमेश्वर ने उसकी रक्षा की। कासठवड़माल गाँव के मोतीराम, जो एस्बेस्टस शीट लगा रहे थे, उनके ऊपर गिरने से चमत्कारिक रूप से बच गए। नाचनखड़क के रितेश को हृदयाघात हुआ था और वह परमेश्वर की कृपा से चंगा हो गया।

प्रार्थनाः इहदार चर्च की एलीशाबेन को सांस लेने में तकलीफ से, घोटन गाँव की गोयाबेन को तंत्रिका संबंधी समस्या से, मिधुलना गाँव के सीताराम और भोवरपाड़ा गाँव के गंगाभाई को लकवा से चंगाई मिले। दिव्यांग मोतीराम के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना करें। वैवाहिक जीवन के सात वर्षों से निःसंतान विहिरीपाड़ा गाँव की पिंकीबेन को संतान सुख प्राप्त हो। वड़ोली गाँव के लक्ष्मीभाई को एक दुर्घटना में अपने इकलौते बेटे को खोने के दुःख से उबरने के लिए ईश्वरीय सांत्वना मिले। दो स्थानों पर होने वाली आगामी युवा सभा की सफलता के लिए प्रार्थना करें।

कोरंबा/कदोड़ः

पुष्पराज आर. एवं ज्योति निर्मला

स्तुतिः करेली गाँव में सुसमाचार का प्रचार किया गया और 106 लोगों ने सुसमाचार को सुना। पलसौड़ गाँव में गैर–विश्वासी लोगों सहित 62 बच्चों ने वीबीएस कार्यक्रम में भाग लिया। बरसाड़ी गाँव की सोनाबेन सुसमाचार पर प्रतिक्रिया दे रही हैं और उन्होंने हमें उनके लिए प्रार्थना करने के लिए आमंत्रित किया है। पलसौड़ गाँव में बसे प्रवासी मजदूर बरसाड़ी कलीसिया में नियमित रूप से कलीसियाई आराधना में भाग ले रहे हैं। कैंसर से पीड़ित और दवा ले रहे दसवीं कक्षा के छात्र अरबन की हालत में सुधार हो रहा है और वह फिर से स्कूल जाने लगा है। उमरख और बारदोली गाँवों में नियमित रूप से रात्रि सभाएँ आयोजित की जाती हैं।

प्रार्थनाः लालमोहर, फुलकुमारी, सुधीर कुमार और प्रदीप कुमार के लिए प्रार्थना करें जिन्होंने सार्वजनिक रूप से ईसा मसीह में अपने विश्वास का अंगीकार किया है ताकि वे नियमित रूप से कलीसियाई आराधनाओं में भाग लें और विश्वास में आगे बढ़ें। बारडोली चर्च में आने वाले चार प्रवासी मजदूरों के लिए प्रार्थना करें कि वे यीशु मसीह को अपना निजी उद्धारकर्ता मानने के लिए तैयार हों। करेली गाँव के केशव को दुष्टात्माओं के बन्धन से मुक्ति मिले। जाटपोर गाँव के मेहुलभाई के लिए प्रार्थना कि वह शराब की लत छोड़े ताकि उनके पड़ोसी उनके घर की आराधना में शामिल होने के लिए तैयार हों। गिजारबेन के गर्दन के ऑपरेशन के बाद शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करें। नौवीं कक्षा की छात्रा सस्मिता कुमारी को दुष्टात्माओं के बन्धन से मुक्ति मिले।

23
अगस्त
शनिवार

जन्मदिन मुबारक

श्री राममुनि जे.बी.वी. प्रसाद
श्री वेंकटेश वड्डार
श्री आशीष कुमार
श्रीमती सुबासिनी मुर्मू स्टीफन

अहवाः **विग्नेश्वरन एन. एवं एंजलीन एम.**

स्तुतिः छह लोगों ने सार्वजनिक रूप से यीशु मसीह में अपने विश्वास का अंगीकार किया। कई लोगों को सुसमाचार का उपदेश दिया गया। सुंथा गाँव की कुमवंति के ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला गया। सोमले और रोजी को वर्षों के इंतजार के बाद संतान की प्राप्ति हुई। लाहन धाबस गाँव की संतोष को, जिनके अपेंडिक्स का सफल निष्कासन हुआ। भयंकर तूफान और बारिश में फँसी रमीला बेन परमेश्वर की दया से सुरक्षित अपने गाँव पहुँची। महीनों से चलने में असमर्थ वड़पोड़ा गाँव के रामू, अब प्रार्थनाओं के कारण चलने में सक्षम हैं।

प्रार्थनाः कोशिया गाँव के कालू और लता के लिए प्रार्थना करें जहाँ नए विश्वासी शैतानी बंधनों के कारण शांति की कमी से जूझ रहे हैं, मुक्ति का अनुभव करें। चिकनगोवड़ा गाँव के मोतीराम और शांति लाल के को उनकी बीमारियों से चंगाई मिले। वड़ियावन गाँव की चार वर्षीय जोसना, जो जन्म से ही चलने में असमर्थ है प्रार्थना करें कि उसे चंगाई मिले। टाकलीपाड़ा गाँव की दीपिका ने पाँच महीने की प्रसूति के दौरान समय से पहले बच्चे को जन्म दिया है। प्रार्थना करें कि बच्चे का पालन–पोषण अच्छी तरह से हो। पेट के ट्यूमर से पीड़ित सविता और कम रक्त कोशिका से पीड़ित डैनियल की चंगाई के लिए प्रार्थना करें। हम अहवा क्षेत्र में कोई भी बड़े पैमाने पर सभाएँ आयोजित करने में असमर्थ हैं क्योंकि पुलिस का सख्त हस्तक्षेप है, जो अक्सर मिशनरी के घर पर किसी भी ईसाई गतिविधि की जाँच करने के लिए आते रहते हैं, प्रार्थन करें कि सुसमाचार के प्रचार के लिए द्वार खुले।

कवंतः **अखिलेश कुमार एवं किरण देवी**

स्तुतिः मुदाभारी गाँव में आयोजित एक विश्वास की सार्वजनिक स्वीकारोक्ति कार्यक्रम में 20 व्यक्तियों ने हमारे प्रभु यीशु मसीह को अपना निजी उद्धारकर्ता स्वीकार किया। हमारे बाल विकास केन्द्र के बच्चों के लिए तीन दिवसीय आध्यात्मिक एकांतवास का आयोजन किया गया, जिसमें 160 बच्चों ने भाग लिया और उन्हें ईश्वर के वचन का आशीर्वाद मिला। तरस्वा और कांजीपानी गाँवों में आयोजित दो आउटरीच वी.बी.एस. कार्यक्रमों में कई अविश्वासी बच्चों ने भाग लिया और परमेश्वर के वचन सुने। जमानिया चर्च में दो दिवसीय प्रचारक प्रशिक्षण, एक युवा प्रशिक्षण और एक रविवार पाठशाला शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। दुष्टात्मा की पीड़ा से ग्रस्त सुनीता बेन को पूर्ण छुटकारा मिली।

प्रार्थनाः उल्का गाँव की जीकाबेन, जो पेट के भयंकर दर्द से पीड़ित हैं और दवाओं से कोई राहत नहीं मिल पा रही है, प्रार्थना के माध्यम से उन्हें चंगाई मिले। मकुदम्बा गाँव की मंजूबाई, जो मुँह के कैंसर से पीड़ित हैं, उन्हें दिव्य चंगाई मिले। सिंकी गाँव के अश्विनभाई तड़वी, जो पिछले तीन वर्षों से शैतानी शक्तियों के अत्याचारों से पीड़ित हैं और काले जादू और पशु बलि के माध्यम से भी उन्हें कोई मुक्ति नहीं मिली है, अब वे प्रभु से उपचार पाने के लिए प्रार्थना कर रहा है। प्रार्थना करें कि मसीह में उनका विश्वास उन्हें मुक्ति प्रदान करे। विभिन्न गाँवों में आयोजित आगामी विश्वास की सार्वजनिक स्वीकारोक्ति कार्यक्रमों की सफलता के लिए प्रार्थना करें।

24

अगस्त

रविवार

मोसड़ाः

पौलराज आर. एवं कोईल पुष्पम

स्तुतिः तीन स्थानों पर आयोजित वीबीएस कक्षाओं में अनेक बच्चों ने भाग लिया और लाभान्वित हुए। जयदीप, जो किडनी फेल होने के कारण बहुत कमजोर हो गया था, प्रार्थना के माध्यम से चंगाई मिली। महानभाई की वन मार्ग पर हुई दुर्घटना में परमेश्वर श्वर ने उनकी रक्षा की। लंबे समय से बुखार से पीड़ित योहन और दिलीप को परमेश्वर ने चंगाई दी।

प्रार्थनाः हाल ही में आराधना मे आ रही कल्पना को गले की गाँठ से चंगाई मिले। जयंतीबाई, जो एक दुर्घटना में लकवाग्रस्त हो गई थीं, प्रार्थना करें कि उनके हाथ में लगी चोट से चंगाई मिले। प्रार्थना करें कि दिनेश बाई के परिवार में पति–पत्नी के बीच का झगड़ा खत्म हो और शांति स्थापित हो। नए गाँव का सोलिया मानसिक रोग से पीड़ित रमेश भाई की चंगाई के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करे कि विश्वासी अनीता और जेतियाबाई के परिवार पर हो रहे शैतानी प्रभाव का नाश हो।

बोडेली / दभोईः

येसु बाबू एवं उषा एस.

स्तुतिः कुंदनपुर गाँव में एक महिला प्रार्थना समूह की शुरुआत हुई है। मिशन क्षेत्र में छोटे बच्चों के लिए आयोजित शिविर में कई लोगों ने भाग लिया और बाइबल पढ़ने और प्रार्थना करने के बारे में सीखा। हनस्ता, जो पूरे शरीर में कमजोरी के कारण महिला सभा में आई थी, प्रार्थना के बाद स्वस्थ होकर घर लौटी। वेराकी और कुंदन गाँवों में कलीसिया के प्राचीनों के लिए प्रशिक्षण और प्रार्थना सभाएँ आयोजित की गईं। परमेश्वर के वचन ने करवान गाँव में आयोजित रात्रि प्रार्थना सभा में उपस्थित अनेक ग्रामीणों के हृदय को छू लिया।

प्रार्थनाः एक विश्वासी के लिए प्रार्थना करें जो गर्भाशय निकालने के कारण हुई थकान और शारीरिक दुर्बलता से उबर सके। मुक्कीबेन, जिस पर दुष्टात्माओं का आक्रमण हुआ था और जिसने व्यर्थ ही अनेक उपचार करवाए थे, अब वह हमारी प्रार्थना सभाओं में आती है। प्रार्थना करें कि उसे चंगाई मिले। हमारे विश्वासी जो इस वर्षा ऋतु में खेतों में काम शुरू कर रहे हैं, प्रार्थना करें कि उनके खोतों में अच्छी फसल हो।

25 अगस्त सोमवार

उमरगमः असीर मोसेस एवं अमृता गोल्डा

स्तुतिः प्रभु ने अनेक नए नियम और सुसमाचार ट्रैक्ट वितरित करने में हमारी सहायता की है। अन्य धर्मों के कई बच्चों ने चार गाँवों में आयोजित वीबीएस कक्षाओं में भाग लिया और मसीह की धार्मिकता और शिक्षाओं को सीखा। ललिता बेन की थायरॉइड ग्रंथि की सूजन प्रार्थना के माध्यम से ठीक हो गई। 13 लोगों ने मसीह का अनुसरण करने और उनके लिए अपना जीवन जीने का निर्णय लिया।

प्रार्थनाः रांधा छात्रावास में छठी कक्षा के छात्र इलेश विनोद को मानसिक रोग से छुटकारा मिले। दीपक भाई, जो एक दुर्घटना में घायल हो गया था उसकी चंगाई के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि परमेश्वर गौतम–वंदना दंपत्ति को संतान सुख प्रदान करे। छात्रावास में पढ़ने वाले विश्वासियों के बच्चे आध्यात्मिक और सांसारिक ज्ञान में उत्कृष्टता प्राप्त करें। आईए, छात्रावास की देखभाल करने वाले और रसोइये के लिए प्रार्थना करें।

दादरा नगर

सिलवासाः डेविडसन राजासिंह एवं कनमनी

स्तुतिः शैलेश, जो लकवाग्रस्त होने के कारण चलने में असमर्थ था, प्रार्थना के माध्यम से चलने में सक्षम हो गया है। निरंतर प्रार्थनाओं के कारण एलिसा को क्षय रोग से चंगाई मिल रही है। कलीसिया के कई प्राचीनों को उनके लिए आयोजित प्रशिक्षण से आशीष मिली।परमेश्वर ने कल्पेश, विशाल, हरजी और विजय को साँप के काटने से बचाया।

प्रार्थनाः भवानी, मीरा और कुलगी को लकवा से चंगाई मिले। पैरों में सूजन के कारण चलने में असमर्थ हंसदा की चंगाई के लिए प्रार्थना करें। विशाल और काकड़िया दंपत्ति को संतान प्राप्ति का आशीर्वाद मिले। कल्पेश को गुर्दे की बीमारी से चंगाई मिले।

खानवेलः

अरुल असीर एवं सुगुना एल.

स्तुतिः उन लोगों के लिए प्रभु को धन्यवाद दें जिन्होंने ईसा मसीह को अपना निजी उद्धारकर्ता स्वीकार किया है और सार्वजनिक रूप से अपनी विश्वास की घोषणा की। वासोना गाँव के उन 250 युवाओं के लिए जिन्होंने प्रभु के लिए समर्पित जीवन जीने के लिए स्वयं को समर्पित किया। वनिता बेन को मिली सुरक्षा के लिए, जिन्होंने अपने कार्यस्थल पर एक साँप का सामना किया। थलावली गाँव की रवीना बेन का प्रसव के दौरान जल स्तर में कमी हो गया था, परन्तु अब प्रार्थनाओं के कारण उनकी स्थिति अच्छी है।

प्रार्थनाः 12 वर्षों के बाद दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रही सरिता बेन के सुरक्षित प्रसव के लिए प्रार्थना करें जो शरीर में जल की कमी का सामना कर रही हैं। पिछले 5 वर्षों से मानसिक विकार से पीड़ित सिकाड़ा गाँव के शिव भाई को चंगाई मिले। पिछले 12 वर्षों से विवाहित जीवन में संतान न होने के कारण अवसाद से पीड़ित मोगदम गाँव की रसीला बेन को प्रभु का दिव्य स्पर्श मिले। परजाई गाँव की जमनी बेन को अवसाद से, उमरवानी गाँव के नीलेश को गुर्दे की पथरी से और उनके बेटे को त्वचा संक्रमण से चंगाई मिले।

26
अगस्त
मंगलवार

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती सिंदु कोराह एडविन

महाराष्ट्र

सुरगनाः

मयिलसामी टी. एवं येसुमनी

स्तुतिः बब्लून निवासी ठुकराराम चौधरी को साँस लेने में तकलीफ के बाद प्रार्थना सभा में उपस्थित होकर विश्वास के साथ की गई प्रार्थना के द्वारा चंगाई मिली। बोरपाड़ा चर्च परमेश्वर की महिमा के लिए समर्पित किया गया। जॉय विहिर गाँव में महिला विश्वासियों के प्रयासों से एक प्रार्थना कक्ष शुरू किया गया। रानिरीपाड़ा गाँव में सुसमाचार के खुले द्वार के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें।

प्रार्थनाः बिलुरपाड़ा, रोहितपाड़ा और कुमरीपाड़ा गाँवों में प्रार्थना समूह शुरू करने के लिए किए गए प्रयासों की सफलता के लिए प्रार्थना करें। रोहितविहिर गाँव में सेवा का विरोध करने वालों के मन फिराव और उद्धार के लिए प्रार्थना करें। कोकरी और कोतुला गाँवों के नए विश्वासीगण प्रभु में स्थिर रहें। इस मानसून के दौरान नियोजित सभाएँ और प्रशिक्षण बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से चलने पाए।

चोपड़ाः

वसावा रमेशभाई एवं वसावा सुनीताबेन

स्तुतिः दुलाबेन, जो एक साल से गर्दन में गाँठ से पीड़ित थे, प्रार्थना सभा में आकर सच्चे मन से प्रार्थना की, और गाँठ गायब हो गई। आठ स्थानों पर आयोजित वी.बी.एस. कार्यक्रम में 265 लड़के–लड़कियों ने भाग लिया और शास्त्रों का पाठ सीखा। चोपड़ा गाँव में विरोध कम होने के कारण प्रार्थना सभा फिर से शुरू कर दी गई है। इस वर्ष हमारे छात्रावास में 15 नए लड़कों का दाखिला हुआ है।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि इस वर्ष छात्रावास में आए नए बच्चों को घर की याद न आए और वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें और अन्य छात्रों के साथ घुल–मिल सकें। प्रार्थना करें कि छात्रावास में अच्छे और समर्पित देखभालकर्ता हों, और घर गई हुई छात्रावास के रसोइये की पत्नी सुरक्षित रूप से छात्रावास लौट आए।

साँप तुम्हें चोट नहीं पहुँचाएँगे

ओड़िशा के रिमुली मिशन क्षेत्र में, हमारे विश्वासी कार्तिक की पत्नी जंगल से जलावान की लकड़ी इकट्ठा कर रही थी। उसका बेटा रसोई में लकड़ियाँ इकट्ठा करके उनकी मदद कर रहा था, वे इस बात से अनजान थे कि गट्ठर के अंदर एक साँप छिपा है। बाद में, जब कार्तिक खाना पकाने के लिए लकड़ियाँ लेने गया, तो उसे साँप दिखाई दिया। किसी को कोई नुकसान न पहुँचाने और परमेश्वर की दिव्य सुरक्षा के लिए परिवार ने परमेश्वर को धन्यवाद दिया। हलेलुय्याह!

27
अगस्त
बुधवार

उपवास प्रार्थना दिवस

जन्मदिन मुबारक
श्रीमती शीला विक्टर

पेंटः

एलेक्स प्रभु एवं प्रिया हेथजी

स्तुतिः प्रार्थना में शामिल होने के बाद, दो लोगों ने परमेश्वर के लिए पवित्र जीवन जीने के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। निंगुरी, जो शैतान की बढ़ती परेशानियों के कारण रात को सो नहीं पाती थी, प्रार्थना सभा आयोजित करने के बाद अपनी परेशानियों से मुक्त हो गई है और अब वह अच्छी नींद ले रही है। प्रकाश, जो गुर्दे में सूजन और पेशाब न आने की समस्या से पीड़ित था, अब उसकी सूजन कम हो गई है और प्रार्थना के बाद वह सामान्य रूप से पेशाब कर रहा है। मिर्गी से पीड़ित कल्पेश को चंगाई मिली।

प्रार्थनाः देवडोंगरा और पोरपाड़ा गाँव के चर्चों के लिए प्रार्थना करें जिन पर वर्तमान में न्यायालय में सुनवाई चल रही है। प्रार्थना करें कि परमेश्वर उन लोगों से बात करे जो आराधना सेवा का विरोध कर रहे हैं। विश्वासी बनने के कारण हुए हमले में चोटिल शांताराम की चंगाई के लिए प्रार्थना करें जो पूरे शरीर में दर्द से जूझ रहे हैं। प्रार्थन करें कि हमलावार मन फिराएँ और प्रभु को जानें। पिछले दस सालों से एक बच्चे के लिए प्रार्थना कर रहे अलका–विकास को परमेश्वर संतान प्रदान करे। सातवीं कक्षा की छात्रा सारिका, जिसकी अचानक सुनने की शक्ति चली गई थी, प्रार्थना करें कि उसे पुनः सुनने की शक्ति मिले।

बोराडीः

ओमप्रकाश एवं सपना

स्तुतिः आठ लोगों ने अपने पुराने पापमय जीवन को त्यागकर पवित्र जीवन जीने का निश्चय किया है। प्रभु ने पगबल्ला गाँव में एक नया प्रार्थना समूह शुरू करने में हमारी सहायता की। गर्भ में पल रहे बच्चे की मृत्यु के बाद, जलाबी बेन कई दिनों तक बेहोश और जानलेवा स्थिति में रहीं; परमेश्वर ने उन्हें आशीर्वाद दिया और विश्वासियों की प्रार्थना के बाद बच्चा अपने आप बाहर आ गया। टेलीविजन पर यीशु पर आधारित फिल्म दिखाई गई और 250 से ज्यादा लोगों ने इसे देखा।

प्रार्थनाः सक्कू और बुदकविहार गाँवों के मुकेश और दीपक को मानसिक रोग से छुटकारा मिलने के लिए प्रार्थना करें। कुट्टी और जगनबाई को साँस लेने की समस्या सं चंगाई मिले। प्रार्थना करें कि पिका और रतनबाई की आँखों की रोशनी वापस आए। दुशा और वासी को उनके पुराने माइग्रेन से मुक्ति मिले और आगामी मानसून में कलीसिया के प्रचारकों और स्थानीय प्रचारकों का प्रशिक्षण सफल हो।

28
अगस्त
गुरुवार

जन्मदिन मुबारक

श्री एडवर्ड जेबासिंह जे.
श्रीमती वासावे सुनीता वेच्या

तलासरी:

गेड्डम श्रीनिवास राव एवं मेडन्की राज्यलक्ष्मी

स्तुति: महिलाओं के लिए आयोजित विशेष सभा में 125 लोगों ने भाग लिया और परमेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली अनीता, जिसे साँप के काटने के बाद जानलेवा हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, प्रार्थना के द्वारा बच गई। नक्सोरी और गोशाबाद गाँवों में नए आराधना समूह शुरू किए गए हैं। चर्च के वरिष्ठों और स्थानीय कार्यकर्ताओं के लिए एक आध्यात्मिक विकास प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

प्रार्थना: आगामी क्षेत्रीय मेले की सफलता के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि गाँवों के चर्चों का प्रभावी ढंग से संचालन हो, और बारात और टेक्काने गाँवों में आराधना समूह शुरू किया जा सके। परमेश्वर कुंटा दिलीप और कुकुडु दिलीप के परिवारों को संतान सुख प्रदान करे। आगामी मानसून के लिए नियोजित प्रशिक्षण शिविरों का सुचारू रूप से संचालन हो सके और परमेश्वर अच्छी बारिश का आदेश दे।

धड़गांव:

एबेनेजर सामुएल एवं जोशना जयारानी

स्तुति: प्रार्थना सभा में भाग लेने वाले आठ लोगों ने मसीह का अनुसरण करने और पवित्र जीवन जीने का निर्णय लिया है। परमेश्वर तिरिस्माल क्षेत्र में पहली बार सुसमाचार प्रचार करने में हमारी मदद की। एक 15 वर्षीय लड़की, डिकुबाई, काम कर रही थी खेत में काम करते हुए उसने अनजाने में जमीन पर पड़े एक साँप को उठा लिया, लेकिन साँप उसे कोई नुकसान पहुँचाए बिना भाग गया। परमेश्वर की दया से सुनीता का गर्भाशय–उच्छेदन सफलतापूर्वक संपन्न होने दिया।

प्रार्थना: तिरिस्मल, सेलपारा, कटारा, उमड़ी और बनबारी के ग्रामीणों के लिए प्रार्थना करें जो ईसा मसीह में विश्वास तो करते हैं, फिर भी समाज के भय से आराधना में आने से हिचकिचाते हैं। परमेश्वर उनका भय दूर करे और समुदाय के प्रमुख अगुवों को आशीर्वाद दे। 45 वर्षीय कंजूबाई बोलने में असमर्थ हैं; परमेश्वर उनकी वाणी को पुनः स्थापित करे और मसीह के नाम की महिमा करे। कोसाड़ियाबेन के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करें, जो गंभीर दस्त के कारण अस्पताल में भर्ती हैं।

29 अगस्त शुक्रवार

मंदाना: गोड़ीसेला प्रवीण एवं इदिगिनाला मौनिका

स्तुति: 12 साल की बच्ची करीना जिसके अंग निष्क्रिय हो गए थे, उसे कई तांत्रिकों के पास ले जाया गया, परन्तु वे उसकी मदद नहीं कर पाए, परन्तु हमारे विश्वासियों और हमारे मिशनरियों की प्रार्थना से वह चंगी हो गई। कौल बही को साँस की समस्या से चंगाई मिली। धनसिंह के बच्चे के मृत पैदा होने के बाद, उसने प्रभु को स्वीकार कर लिया और अब उसके परिवार को एक पुत्र की प्राप्ति हुई है।

प्रार्थना: प्रार्थना करें कि कलंबा चर्च का निर्माण कार्य पूरा हो सके। बानू भाई, जिन्होंने पूजा पाठों पर 7 लाख से ज्यादा खर्च किए थे परन्तु कोई लाभ न हुआ प्रार्थना करें कि उनके स्वास्थ्य में सुधार हो। रूनाभाई को मुँह के कैंसर और रुशी, जिनके मल में खून आने की समस्या से चंगाई मिले। अपनी माँ की मृत्यु से दु:खी सुकलाल को परमेश्वर सांत्वाना प्रदान करे।

कर्नाटक

हलियाल / खानापुर: थंगलाल जोऊ एवं नेमजावा

स्तुति: जिन्नप्पा, तंगियावा, स्वर्णा, हनुमंतप्पा और नागेश ने सार्वजनिक रूप से अपने विश्वास की घोषणा की और मसीह को स्वीकार किया। तीन साल की सामंता ने गलती से सूरजमुखी के बीज सूंघ लिए और उसे साँस लेने में तकलीफ हुई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और परमेश्वर ने चिकित्सा प्रक्रिया के माध्यम से उसे चंगाई दी। इवेंजेलिन के सुरक्षित प्रसव के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें। सौभाग्या को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नौकरी मिली, और उन्होंने नौकरी के लिए रिश्वत न देने का अपना वादा निभाया। कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में, उन्होंने प्रभु के कार्य के लिए अपना पहला महीने का वेतन दिया। हमारे चर्च में हमारे संपर्क में नए आए प्रशांत को कानूनी मुकदमा में सफलता मिली। मदनल्ली में नए आराधना केंद्र खोला गया जहाँ 10 लोग आराधना में भाग लेते हैं।

प्रार्थना: पाँच साल की रूथ की चंगाई के लिए प्रार्थना करें जिसकी माँसपेशियाँ कमजोर हो गई हैं और वह न तो खड़ी हो सकती है और न ही चल सकती है। प्रार्थना करें कि उसका परिवार हमारे प्रभु यीशु मसीह के ज्ञान में आए। शोभा के लिए प्रार्थना करें कि उसके पिछले चार महीनों के काम का वेतन मिले। स्थानीय प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी होने के बाद नंदगढ़ में चर्च के निर्माण के लिए प्रार्थना करें। लक्ष्मी, प्रेमा, मंजुला और रीमा को संतान सुख प्राप्त हो। अपने विश्वास का सार्वजनिक रूप से अंगीकार करने को तैयार उन सभी लोगों के लिए प्रार्थना करें के वे भय पर विजय पा सकें। मदनल्ली में आराधना केंद्र की संख्या बढ़े और उन्हें मसीह यीशु में उद्धारक विश्वास की ओर ले जाया जाए।

30 अगस्त
शनिवार

मलूर:
किशनता लीमा एवं प्रेमिला सिंह

स्तुति: आलमबदी चर्च की 23वीं वर्षगाँठ प्रभु के प्रति कृतज्ञता के साथ मनाई गई और अनेक लोगों ने इसमें भाग लिया। विश्वासियों की जमात में एक और व्यक्ति जुड़ गया। जीप दल सेवकाई बिना किसी बाधा के संपन्न हुआ और सुसमाचार का प्रचार कई स्थानों पर किया गया। जिन लोगों से हम मिले, उन्होंने नए नियम और बाइबल को सहर्ष स्वीकार किया। प्रिया को एक अच्छा जीवनसाथी मिल गया।

प्रार्थना: प्रार्थना करें कि जो लोग पहली बार सुसमाचार सुनते हैं, वे मसीह यीशु में उद्धारक विश्वास की ओर अग्रसर हों। सत्य की खोज कर रहे लोग अपने परिवार के किसी भी विरोध के बिना सार्वजनिक रूप से अपने विश्वास को स्वीकार करें। आलमबदी चर्च से संबंधित भूमि विवाद का समाधान के लिए प्रार्थना करें। मिशनरी के भाई नागेश को एक उपयुक्त जीवनसाथी मिल सके। हमारे विश्वासियों के लिए प्रार्थना करें कि वे ऋण के बन्धन से मुक्त हों।

शिग्गाँव:
नरेंद्र कुमार एवं काजल के.एम.

स्तुति: 330 लोगों ने सुसमाचार का प्रचार सुना और 2 लोगों ने मसीह को अपना निजी उद्धारकर्ता स्वीकार किया। 48 नए नियम और 8 बाइबलें उन लोगों को दी गईं जिन्होंने इसमें रुचि दिखाई। शिग्गाँव क्षेत्र से हमारे विश्वासी आकाश, अपने चयन के बाद वर्तमान में मिशनरी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। परमेश्वर की कृपा से मिशनरी का विवाह बिना किसी परेशानी के मिशन क्षेत्र में मसीही विधि विधान के अनुसार सम्पन्न किया गया।

प्रार्थना: शिग्गाँव क्षेत्र के लिए प्रार्थना करें जहाँ एक हत्या के कारण विहाँ रहने वाले लोगों के दिलों में भय पैदा कर दिया है। लकवाग्रस्त सुरेश और शरीर में एक गांठ से पीड़ित अर्पिता को चंगाई मिले। मिर्गी से पीड़ित एक नए विश्वासी येसुवंत को दिव्य उपचार प्राप्त हो, क्योंकि उनके रिश्तेदार उनकी मिर्गी के कारण ईसा मसीह में उनके विश्वास का मजाक उड़ा रहे हैं। एन.एस.एम. परियोजना के अंतर्गत आने वाले उन बच्चों के लिए प्रार्थना करें जो सभी सुविधाओं का लाभ उठाते हुए भी यीशु मसीह को अपना निजी उद्धारकर्ता मानने से इनकार करते हैं। कब्र स्थान के लिए अधिकारियों से उपयुक्त भूमि प्राप्त हेने के लिए प्रार्थना करें।

31
अगस्त
रविवार

जन्मदिन मुबारक

श्री क्रिस्टोफर पी.जी.
श्री बालाजी येसुदासन जी.
श्री रंजन खासला

आंध्र प्रदेश

पालमनेर:

कुप्पुस्वामी पी. एवं शील के.

स्तुति: कोलामसानापल्ली में आयोजित उपवास प्रार्थना में कई लोगों ने भाग लिया और राष्ट्र के लिए प्रार्थना की। तीन लोगों ने अपने पुराने जीवन का त्याग किया है। परमेश्वर ने वेंकटालक्षम्मा को गले के कैंसर की सर्जरी के बाद ठीक होने और बोलने में सक्षम बनाया है। हर सुबह 5 बजे आयोजित होने वाली ज़ूम प्रार्थना में कई लोग शामिल हो रहे हैं।

प्रार्थना: कंचना, मालविका, सरस्वती, लता और सिरुवानी, ने सरकारी परीक्षा दी है, प्रार्थना करे कि सकारात्मक परिणाम प्राप्त हों। कैंसर के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती रूथ नारायणम्मा के स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि परमेश्वर दीपम्मा नामक विधवा की सहायता करें, जो शारीरिक कष्ट, पारिवारिक और आर्थिक समस्याओं से जूझ रही है। प्रार्थना करें कि परमेश्वर हमारे नए विश्वासी सुब्रमणि को सांत्वना दें, जिन्होंने अपनी पत्नी को खो दिया है। थलापल्ली चर्च परिसर की दीवार के जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र शुरू हो सके।

तमिलनाडु

मेचेरी:

धर्मराज एवं मारिया सेल्वी

स्तुति: दुरैसामी आउटरीच सेवकाई में उत्साहपूर्वक हमारी मदद करते हैं। दो गाँवों में सुसमाचार का प्रचार किया गया। पिछले महीने किए गए सेवकाई में परमेश्वर की कृपा रही और उसने मिशनरियों की रक्षा की।

प्रार्थना: नल्लागौंडानूर के वेंकटेश की चंगाई के लिए प्रार्थना करें जिनके सिर का कुछ दिन पहले ऑपरेशन हुआ था और अभी तक ठीक नहीं हुआ है। माहेश्वरी के लिए प्रार्थना करें जिन्होंने अपने पति को खो दिया है और दो छोटे बच्चों के साथ रह रही हैं, उन्हें अच्छी नौकरी मिले। श्रीरंजनी को अवसाद से छुटकारा मिले। गणेशन को गिरने से लगी चोट से चंगाई मिले जो चलने में असमर्थ हैं। तमाराइ सेल्वन को एक योग्य जीवन साथी मिले। सेल्वाराज, सेल्वनायगम, थंबीदुरई और नल्लाथम्बी को शराब की लत से मुक्ति मिले।

408 मिशनरी एल्बम

श्री रामकृष्ण एलिया एवं श्रीमती अंजली बंटुमिली

श्री ए. रामकृष्ण एलिया का जन्म 05 अप्रैल 1982 को आंध्र प्रदेश के एलुरु में श्री वेंकटेश्वर राव और श्रीमती रंगम्मा के घर हुआ था। अपने पिता की मृत्यु और अपनी माँ के पुनर्विवाह के बाद, उनका पालन–पोषण उनके दादा–दादी ने किया। 1995 में, उन्होंने अपनी बीमार दादी के साथ पादरी आई. जयराजू के मार्गदर्शन में प्रार्थना सभाओं में जाना शुरू किया। गैर–मसीही पृष्ठभूमि से होने के बावजूद, उन्होंने यीशु मसीह को स्वीकार किया, और उद्धार को प्राप्त किया तथा 24 जनवरी 1996 को 'एलिया' नाम से बपतिस्मा लिया। पादरी जयराजू ने उनका आध्यात्मिक पालन–पोषण किया। परमेश्वर की कृपा से, उन्होंने अपनी स्नातकोत्तर और बी.एड. की पढ़ाई पूरी की। शुरुआत में उनकी इच्छा शिक्षक बनने की थी, परन्तु बाद में उन्हें सुसमाचार प्रचार करने का अवसर मिला।

श्री रामकृष्ण शहीदों की कहानियाँ सुनते हुए बड़े हुए। वे इस बात से आश्चर्यचकित थे कि कैसे वे ईसा मसीह के लिए मृत्यु का दर्द सहन कर सकते हैं। 2010 में, उन्होंने एलुरु में आयोजित IEM राज्य स्तरीय मिशन सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने यशायाह 41:9 और 10 के श्लोकों, "मैंने तुम्हें चुना है"के माध्यम से परमेश्वर की बुलाहट को सुना और अपना जीवन प्रभु को समर्पित कर दिया। FMPB के स्वर्गीय श्रीमती समदानम्मा और स्वर्गीय श्री के. इजराइल ने उन्हें FMPB में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। श्री रामकृष्ण 17 जून, 2010 को FMPB में शामिल हुए। उन्होंने अगस्त, 2010 तक लेखा परीक्षा कार्यालय में काम किया। इसके बाद उन्होंने 2010 और 2011 के बीच NIM प्रशिक्षण प्राप्त किया। उनकी पहली नियुक्ति झारखण्ड के हंसडीहा क्षेत्र में संथाल लोगों के बीच हुई। इसके बाद 02 अगस्त 2012 को उनका विवाह कुमारी अंजलि बंटुमिली से हुआ।

श्रीमती अंजलि बंटुमिली का जन्म 30 मई 1985 को आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले के गुड़ीपाडु गाँव में एक रोमन कैथोलिक परिवार में श्री रंगाराव और श्रीमती कमला के यहाँ हुआ था। उनकी एक बहन और एक भाई हैं और उन्होंने एम.सीए. की डिग्री प्राप्त की है। हालाँकि वह नाममात्र की मसीही थीं, परन्तु हैदराबाद में एक प्रोटेस्टेंट चर्च में प्रोजेक्ट कार्य करते समय उनका जीवन बदल गया। यूहन्ना 3:16 ने उनके हृदय को झकझोर कर दिया और उन्हें अपना जीवन परमेश्वर को समर्पित करने के लिए प्रेरित किया। एफ.एम.पी.बी. पत्रिकाओं से प्रेरित एक मित्र के घर पर उन्हें जो मिला, उससे उन्हें लगा कि उन्हें मिशनरी कार्य के माध्यम से आदिवासी समुदायों के बीच सेवा करने का आह्वान किया गया है।

श्रीमती अंजलि 2012 में एफ.एम.पी.बी. में शामिल हुईं और विवाह के बाद एक साल के लिए एन.आइ. एम. में प्रशिक्षण लिया, जबकि श्री रामकृष्ण ने एक साल के लिए एन.आई.एम. स्टाफ के रूप में काम किया। 2013 में, उन्हें छह महीने के लिए संथाल लोगों के बीच पश्चिम बंगाल के समसी क्षेत्र में रखा गया था। जनवरी 2014 से 2020 तक, उन्होंने इटाहार में क्षेत्र के अग्रदूत के रूप में सेवा की। अप्रैल 2020 से, वे पकुआहाट क्षेत्र में सेवकाई कर रहे हैं। श्री रामकृष्ण को NELC दुमका धर्मप्रांत द्वारा 11 दिसम्बर 2024 को पुरोहिताभिषेक हुआ। परमेश्वर ने श्री रामकृष्ण और श्रीमती अंजलि को दो बच्चों का आशीर्वाद दिया है। उनका बेटा, ए जीवन प्रिंस (जन्म 10 अगस्त 2013), कक्षा 6 में है, और उनकी बेटी, ए जीवन आराध्या (जन्म 22 जनवरी 2016), कक्षा 4 में है। दोनों संतोष विद्यालय में पढ़ते हैं। आइये हम अपनी प्रार्थनाओं में इस मिशनरी परिवार और उनकी विश्वासयोग्य सेवकाई को कायम रखें।

409
मिशनरी
एल्बम

श्री मुथुकुमार एम. एवं श्रीमती नेत्रावती परिवार

श्री मुथुकुमार का जन्म 18 मई 1985 को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली प्रांत के राधापुरम तालुका में स्थित अलागनेरी गाँव में स्वर्गीय श्री मसानम और श्रीमती इसाक्कीअम्मल के परिवार में हुआ था। उनके बचपन पर उनके पिता की शराब की लत का गहरा असर पड़ा, जिसने उन्हें शांति से वंचित कर दिया था। हालाँकि, साथी छात्रों के प्रभाव से, उन्होंने मुक्ति के आनंद का अनुभव किया। उन्होंने 2003 में स्थानीय चर्च में बपतिस्मा लिया और बच्चों के सेवकाई और सुसमाचार प्रचार में सक्रिय रूप से शामिल हुए। चर्च में युवा सभाओं के माध्यम से खोई हुई आत्माओं के लिए उनका बोझ गहरा हो गया। भाई आर. स्टेनली द्वारा मिशनरी विज़न पुस्तक पढ़ने पर, उन्हें उत्तर भारत के कई जिलों, तालुकाओं और गाँवों के बारे में पता चला, जहाँ एक भी चर्च नहीं है। इस दर्शन के साथ, वह 19 सितंबर 2006 को मित्र सुसमाचार प्रार्थना दल (FMPB) में शामिल हो गए।

श्रीमती नेत्रवती का जन्म 10 जून 1987 को कृष्णागिरि जिले के सूलागिरी तालुका के कलिंगवरम गाँव में स्वर्गीय श्री नरसिम्हन और श्रीमती पंकजा की दो बेटियों में सबसे बड़ी के रूप में हुआ था। उन्होंने दो साल की उम्र में अपने पिता को खो दिया, ऐसा माना जाता है कि पारिवारिक अभिशाप के कारण ऐसा हुआ था। मुक्ति की तलाश में, उनके परिवार ने कई मंदिरों का दौरा किया, परन्तु उन्हें कोई शांति नहीं मिली। यह एफ.एम.पी.बी. मिशनरी रेव्ह. एडविन के सेवकाई के माध्यम से था कि वह सच्चे उद्धारकर्ता, यीशु मसीह को जान पाई और 1995 में बपतिस्मा संस्कार को प्राप्त की। अन्य विश्वास करने वाले परिवारों के साथ, एफ.एम. पी.बी. के तहत उनके गाँव में एक चर्च बनाया गया था, जहां उन्होंने प्रभु की आराधना करती थीं। उन्होंने ईदयांगुड़ी में एफ.एम.पी.बी. छात्रावास में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की।

परमेश्वर की योजना के अनुसार, मुथुकुमार और नेत्रवती का विवाह 24 मई 2010 को हुआ। तब से, वे उत्तर प्रदेश के पुखरायाँ क्षेत्र (2011–2013); पश्चिम बंगाल के सुंदरवन क्षेत्र (2013–2015); और 2015 से छत्तीसगढ़ राज्य के अंबिकापुर, भैयाथान और सीतापुर जैसे मिशन क्षेत्रों में गोंड, उराँव और कोरवा जनसमूहों के बीच निष्ठापूर्वक प्रभु की सेवा कर रहे हैं।

प्रभु ने उन्हें दो बच्चों का आशीर्वाद दिया है। उनकी बेटी, एस्तेर प्रिस्किल्ला (जन्म 17 मार्च2011), वर्तमान में दसवीं कक्षा में पढ़ रही है। उनका बेटा, अगाबुस मेशक (जन्म 06 अगस्त 2013), संतोष विद्यालय में आठवीं कक्षा में पढ़ रहा है। कृपया इस परिवार के फलदायी सेवकाई और उनके बच्चों की शिक्षा के लिए प्रार्थना करें।



Published by: S. John Berlin on behalf of Friends Missionary Prayer Band from 29, High School Road, Ambattur, Chennai 600 053. Tel. 044-2657 0404 E-mail: info@fmpb.org ***Printed by:*** Rasi Graphics (P) Ltd. No. 40, Peters Road, Royapettah, Chennai - 600014. ***Editor: S. John Berlin***